# बिना पंजीयन चल रहा अस्पताल सीज, 3 को नोटिस

**बीघापुर, उन्नाव**

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीघापुर कस्बा में संचालित छह निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। जहां एसीएमओ ने एक निजी अस्पताल बिना वैध पंजीकरण के संचालित मिलने पर उसे सीज कर दिया। तीन अस्पतालों में मरीज भर्ती मिले लेकिन वहां डॉक्टर नहीं थे। इस पर संचालकों को नोटिस देकर जबाव मांगा है। शनिवार को पाटन तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस से लौट रहे एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र बीघापुर प्रभारी डॉ. पंकज पांडेय के साथ कस्बे में संचालित अपोलो हॉस्पिटल, बीघापुर मेडिकल सेंटर, सनराइज हॉस्पिटल, जेडी हॉस्पिटल एंड फ्रैक्चर सेंटर, सुपर हॉस्पिटल व मां हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। जहां जांच में मां हॉस्पिटल का पंजीकरण काफी समय से नवीनीकृत नहीं मिला। वहां कोई चिकित्सक भी नहीं था। इस पर उसे सीज किया गया। वहीं तीन अस्पतालों में मरीज भर्ती मिले लेकिन कोई डॉक्टर नहीं था। इस पर उनके संचालकों को नोटिस जारी की गई। एसीएमओ ने बताया कि सनराइज व सुपर हॉस्पिटल में निरीक्षण के समय चिकित्सक मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बिना मानकों के अस्पताल संचालन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।


हॉस्पिटल का निरीक्षण करते एसीएमओ। अमृत विचार


फीता काटकर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ करते विधायक बंबालाल दिवाकर।

**विधायक ने किया जन औषधि केंद्र का उद्घाटन: सफीपुर, उन्नाव:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इसके बाद किए गए औचक निरीक्षण में अस्पताल की बदहाल व्यवस्था व चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जता सीएमओ को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। विधायक ने सीएचसी परिसर में फीता काटकर जन औषधि केंद्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ती व अच्छी दवाएं उपलब्ध कराना है। बताया कि यहां मरीजों को 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं मिलेंगी। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राम सहोदर को निर्देश दिए कि पहले मरीजों को सरकार से मिलने वाली निःशुल्क दवाएं दी जाएं। अगर दवाइयां स्टॉक में न हों तब ही मरीज को जन औषधि केंद्र भेजें। इससे पहले जन औषधि केंद्र संचालक अंकित दीक्षित, अमित पांडेय, मनोज पांडेय व ब्रजेश शुक्ला ने विधायक का स्वागत किया।

## खाद्य विभाग की टीम ने की छापेमारी, हड़कंप

**बांगरमऊ, उन्नाव।** होली के नजदीक होने के चलते शनिवार को क्षेत्र के सभी मार्गों पर बाजार के दिन मिष्ठान, फास्ट-फूड व खोए की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ थी। तभी सुबह करीब 11 बजे क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह विभागीय कर्मचारियों के साथ नानामऊ मार्ग स्थित खोया मंडी पहुंच गईं। टीम देख ग्रामीण क्षेत्र से खोया बेचने आए लोग भाग खड़े हुए। किंतु उन्होंने खोया खरीददार का सेंपल ले लिया। साथ ही टीम ने बगल की दुकान से पानी का नमूना भी सील किया। इसके बाद टीम हरदोई मार्ग स्थित पूजा रेस्टोरेंट पहुंची। जहां टीम ने कई खाद्य पदार्थों का भी सेंपल भरा और सेंटर सील कर उसे जांच के लिये प्रयोगशाला भेज दिया। खाद्य निरीक्षक के छापे की खबर से उन्नाव-हरदोई रोड, संडीला रोड व लखनऊ रोड स्थित सभी खाद्य सामग्री के दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई।

## महिला ने बेटे को बंधक बनाने का लगाया आरोप

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर के मजरा निवासी पिंकी पत्नी राकेश ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती शुक्रवार शाम उसका 14 वर्षीय बेटा प्रांजुल खेत गया था। तभी वहां पड़ोसी गांव ताजपुर निवासी संजय पुत्र नागेंद्र आदि आ गए और पुरानी रंजिश को लेकर उसकी पिटाई की। तब से उनका बेटा गायब है। मां का आरोप है कि दबंगों ने उसे बंधक बना लिया है और उस पर पुराना मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। मां ने बेटे की हत्या किये जाने की आशंका जताई है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

## गड्ढे में गिरी कार, पांच घायल व एक रेफर

**सफीपुर, उन्नाव।** गंगा एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के पास खोदे गये गड्ढे में एक कार जा गिरी। इसमें कार सवार महिला गंभीर घायल हो गई। सफीपुर सीएचसी से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के कस्बा ऊगू निवासी अभिप्लव शुक्रवार रात परिवार के साथ हसनगंज क्षेत्र के गांव मवई गए थे। लौटते समय सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मियागंज मार्ग पर मवई ब्रह्मनान गांव के पास अंडरपास निर्माण स्थल के पास खोदे गए नाले में उनकी कार जा गिरी। कार गिरने की आवाज सुन पहुंचे ग्रामीणों ने कार में सवार पांच लोगों को बाहर निकाला। इसमें अभिप्लव की पत्नी रिया (30) गंभीर घायल हो गई। घायल महिला को सीएचसी सफीपुर लाया गया। जहां जांच के दौरान पैर में फ्रैक्चर पाए जाने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## कुत्ते ने मासूमों के बाद वृद्ध को बनाया शिकार

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में एक पागल कुत्ते का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुत्ते ने मोहल्ला टेढ़ा शिवाला में एक राह चलते व्यक्ति पर हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया। शनिवार दोपहर मोहल्ला भटपुरी निवासी अशोक मिश्रा किसी कार्य से टेढ़ी बाजार जा रहे थे। तभी कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। उसने उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर काटा। 16 फरवरी को बाबा बोधेश्वर मंदिर में लगे मेले के दौरान दुकानदार अजय कुमार के 11 वर्षीय पुत्र हर्षित के चेहरे पर कुत्ते ने हमला किया था। उसी दिन मंदिर दर्शन करने आईं एक महिला व एक किशोरी को भी उसने शिकार बनाया। गांव दुल्लापुरवा निवासी रुद्र (5) व रबड़ी गांव निवासी रजनीश (8) को भी कुत्ते ने काटा था। रजनीश के सिर व कान की चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसे जिला अस्पताल भेजना पड़ा। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद प्रशासन कोई प्रयास नहीं कर रहा है। मोहल्ला घूरे टोला, भटपुरी व टेढ़ी बाजार के लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं। बच्चों का स्कूल जाना व खेलना दूभर हो गया है। क्षेत्रीय नागरिकों ने एसडीएम व नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि इस कुत्ते को तुरंत पकड़वाया जाए या उसे ट्रेंकुलाइज किया जाए। ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके।


प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल देखते लोग। अमृत विचार

## छात्रों ने बनाए हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी और स्मार्ट डस्टबिन जैसे मॉडल, खूब हुई सराहना

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** राजीव पुरम कालीमिट्टी स्थित बीआरए सर्वोदय इंटर कॉलेज में शनिवार को विज्ञान, कला व शिल्प प्रदर्शनी 'स्पेक्ट्रम' का आयोजन हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच व कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जयसवाल व विद्यालय प्रबंधक विश्राम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में विद्यालय के करीब 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और विभिन्न विषयों पर 35 प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। छात्रों ने विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को वर्किंग मॉडल्स व चार्ट्स के माध्यम से समझाया। विद्यालय प्रबंधक ने छात्रों के परिश्रम की सराहना कर कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व व्यावहारिक ज्ञान के लिए जरूदी हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास व नवाचार की भावना जागती है।

## बारात में हरदोई गए युवक का मिला शव

**बांगरमऊ, उन्नाव।** गांव से हरदोई गई बारात में शामिल होने गए युवक का शव लहूलुहान हालत में गेस्ट हाउस के पास पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सकरौली गांव के मजरा कुंडा निवासी चंदिका प्रसाद के बेटे रिंकू वर्मा की बारात बीते शुक्रवार हरदोई जिला के कासिमपुर थानाक्षेत्र के बेहंदर गांव स्थित एक गेस्ट हाउस गई थी। जिसमें गांव निवासी रामखेलावन का बेटा सतीश (30) भी गया था। अगवानी व भोजन का रात करीब साढ़े 10 बजे सतीश अन्य बारातियों के साथ संडीला रोड किनारे घर लौटने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी वह अचानक लापता हो गया। इस पर लोगों ने उसकी तलाश शुरू की तो उसका शव लहूलुहान हालत में गेस्ट हाउस से करीब 300 मीटर आगे मिला। इससे हड़कंप मच गया।

## बच्चों में खसरे के लक्षण मिलने पर अलर्ट हुईं स्वास्थ्य टीमें

**बांगरमऊ, उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के टेढ़ी बाजार मोहल्ले में हाल ही में दो बच्चों में खसरे के लक्षण मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग हड़कंप मचा है। दोनों बच्चों का इलाज स्थानीय सरकारी अस्पताल में कराया गया। इस बीच पूर्विया टोला में एक 5 वर्षीय बच्ची में खसरा जैसे लक्षण मिलने की सूचना से विभाग में फिर हलचल मच गई। इस पर सीएचसी स्वास्थ्य टीमें भेजकर तीन मोहल्लों का सर्वे कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि नगर के मोहल्ला टेढ़ी बाजार निवासी राहुल के 6 वर्षीय बेटे को तेज बुखार आने पर सरकारी अस्पताल में जांच कराई गई थी।। जहां वह खसरा से संक्रमित मिला था। स्वस्थ होने के कुछ दिन उसका 4 वर्षीय भाई भी संक्रमित हो गया। जिसे इलाज के बाद स्वस्थ घोषित किया गया है। वहीं पूर्विया टोला निवासी इंतजार की 5 वर्षीय बेटी के खसरा जैसे लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सीएचसी से डॉ. नीरज शुक्ला व सुनील राठौर के नेतृत्व में टीम पहुंची। जांच के साथ मोहल्ले के बच्चों का घर-घर सर्वे शुरू किया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. सागर ने बताया कि एहतियातन 3 टीमें गठित की गई हैं। एक टीम उनके नेतृत्व में मोहल्ला हटिया में, जबकि दंत रोग विशेषज्ञ अनुज के नेतृत्व में दूसरी टीम मोहल्ला दरगाह में जांच कर रही है। अब तक करीब 70 घरों का सर्वे किया गया है।

## अनार लदा ट्रक पलटा चालक हुआ घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अनार लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें घायल चालक को सीएचसी से अन्यत्र रेफर कर दिया गया। चालक मोहित पुत्र अरविंद निवासी नगला लेखराज थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद अपने जिले के निवासी सहयोगी सुरजीत पुत्र रामऔतार के साथ ट्रक में अनार लोडकर राजस्थान से बिहार जा रहा था। रास्ते में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गांव शिवबक्स खेड़ा के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें अनार की पेटियां मार्ग पर बिखर गईं और चालक घायल हो गया। इसकी सूचना पर यूपीडा टीम के सहयोग से घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे अन्यत्र रेफर कर दिया गया। क्रेन से ट्रक को सीधा कर सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया गया।

# बहनों की जिंदगी लील गया मिट्टी का खनन

**फॉलोअप**


प्रियंका फाइल फोटो


आरुषि फाइल फोटो

**हरदोई/पिहानी, अमृत विचार।** तालाब से सिंघाड़े ढूंढने में तालाब में डूबी दोनों बहनों को तलाश में घंटो से जुटी पीएसी और एसडीआरएफ की टीम ने करीब 24 घंटे बाद दोनों के शव 25 फिट गहरे पानी से बरामद कर लिए। पहले बड़ी बहन और उसके आधे घंटे बाद छोटी बहन के शव तालाब से बाहर आते देख पूरे गांव में कोहराम बरपा हो गया। दर्दनाक हादसे के बारे में कहा जा रहा है कि पहले तालाब की गहराई 5 से 6 फिट गहरी थी, लेकिन पिछले साल मिट्टी का खनन किए जाने से उसकी करीब 25 फिट गहराई हो गई थी। गांव वालों का साफ-साफ आरोप है कि मिट्टी का खनन ही हादसे का सबब बना। बताते चलें कि शुक्रवार को पिहानी कोतवाली के रामपुर मजरा दहेलिया निवासी कमलेश की 14 वर्षीय आरुषि 12 वर्षीय छोटी बहन प्रियंका और सहेली जान्वी के साथ गांव के किनारे तालाब से सिंघाड़े ढूंढ रहीं थी, उसी बीच तीनों गहरे पानी में जाने लगी, उनका शोर सुन कर ग्रामीण दौड़ पड़े, उन्होने जान्वी को तो बचा लिया, लेकिन आरुषि और प्रियंका डूब गई, उन्हे काफी ढूंढा गया, पुलिस ने काफी मशक्कत की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला, उसके बाद पीएसी और एसडीआरएफ की टीम का देर रात तक सर्च अभियान बेनतीजा साबित हुआ, उसके बाद सुबह की पौ फटते ही फिर सर्च अभियान शुरु हुआ, तब कहीं 24 घंटे बाद आरुषि और उसके आधे घंटे बाद प्रियंका का शव करीब 25 फिट गहरे पानी से बाहर निकाला गया।

जैसा कि बताया गया है कि गांव के जगदीश के नाम तालाब का पट्टा है, पहले उसकी गहराई 5 से 6 फिट गहरी थी, लेकिन पिछले साल उसके किनारे-किनारे मिट्टी का खनन हो जाने से उसकी गहराई करीब 25 फिट हो गई, पहले बच्चे बड़ी आसानी से तैर कर बाहर आ जाते थे। साफ-साफ आरोप है कि मिट्टी का खनन ही हादसे का सबब बना, इसे ले कर लोगों में काफी नाराज़गी दिखाई पड़ रही है।


सेकंड बटालियन पीएसी सीतापुर, एसडीआरएफ टीम बरेली, पिहानी पुलिस इंस्पेक्टर छोटेलाल व पिहानी पुलिस टीम। अमृत विचार

### दोनों बहनें साथ-साथ करती थीं पढ़ाई

कमलेश की चार बेटियों में दो पूनम व अनीता की शादी हो चुकी है, उनके बाद इकलौता बेटा प्रांशु है, प्रांशु से छोटी आरुषि और सबसे छोटी प्रियंका थी। दोनों बहनें पण्डरवा के अंबिका बक्श सिंह इण्टर कालेज में पढ़ती थीं, आरुषि कक्षा-9 और प्रियंका कक्षा-6 की छात्रा थीं।

## युवक को अगवा करने की कोशिश भीड़ ने आरोपियों को खदेड़ा

**हरदोई, अमृत विचार।** बारात में शामिल होने गया युवक वहां से लौट रहा था। इस बीच कार सवारों ने उसे रोका और कट्टा दिखाते हुए अगवा करने की कोशिश की। शोर होने पर बारात में शामिल लोग दौड़ पड़े और आरोपियों को खदेड़ दिया। बताया गया आज़ाद नगर निवासी प्रखर अग्निहोत्री बारात में शामिल होने सर्कुलर रोड पर एक मैरिज लान गए थे। जैसे ही प्रखर अग्निहोत्री वहां से वापस लौटने लगा, उसी बीच कार सवारों ने उसे रोका, कट्टा दिखाते हुए पहले उसकी पिटाई की और जबरन अगवा करने की कोशिश करने लगे। शोर सुन कर बारात में शामिल लोग भीड़ की शक्ल में आरोपियो. के पीछे दौड़े, आरोपी प्रखर को छोड़कर भाग निकले। प्रखर अग्निहोत्री ने आरोपियों की पहचान रानू राजवंशी, अभय ठाकुर, निखिल पण्डित और प्रभात पण्डित के रूप में की है। प्रखर ने बताया कि आरोपी उससे पुरानी रंजिश मानते हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## बुलेट से टक्कर मारकर 50 हजार नकदी व चेन छीनी

**हरदोई, अमृत विचार।** बुलेट सवारों ने बाइक में टक्कर मार कर उस पर सवार दोस्तों से 50 हज़ार कैश और सोने की चैन की छीनने की वारदात से लोग दहशत में है। पुलिस ने दी गई तहरीर पर तीन नामज़द और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बताते है कि माधौगंज थाने के लोनार निवासी अजय कुमार सिंह पुत्र रामशंकर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि हरपालपुर थाने के बांसी सतौथा निवासी विवेक सिंह पुत्र गिरीश पाल सिंह के साथ शनिवार को मल्लावां में लगाए सोलर प्लांट का 50 हज़ार कैश ले कर बाइक से लौट रहा था, उसी बीच रूदामऊ तिराहे पर बुलेट सवार ने बाइक में टक्कर मारी और मारपीट करते हुए 50 हज़ार कैश व विवेक सिंह से सोने की चैन छीन कर भाग निकले।

## भारत भ्रमण कर रहे पोलैंड के मथ्यू मल्लावां से लखनऊ रवाना

**मल्लावां, हरदोई।** पोलैंड से भारत भ्रमण की पैदल यात्रा कर रहे मेथ्यू शुक्रवार को शाम मल्लावां पहुंचे जहां पर पुलिस ने रिसीव कर होटल में ठहराया। एक साल तीन महीने से भारत की यात्रा कर रहे पोलेंड के मेथ्यू ने यात्रा के पीछे की जिज्ञासा बताते हुए कहा उनका पोलैंड में रोड एक्सीडेंट हो गया था, तब पोलैंड के किसी भी मित्र ने उसकी सहायता नहीं की थी। भारत और नेपाल देश के उसके मित्रों ने जो साथ में काम करते थे, उसकी मदद की और हॉस्पिटल में रोज उसका हाल चाल लेते थे, तब से उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह भारत की पैदल यात्रा करेंगे। उन्होंने अब तक कई प्रदेश और शहरों की यात्रा पूरी कर चुके है। शुक्रवार को कन्नौज से मल्लावां पहुंचे, जहां एसआई दीपक चौधरी, हेड कांस्टेबल छविनाथ, मुंशी अवधेश शाक्य, नकुल तेवतिया ने सुरक्षा देकर एक होटल में ठहराया।

## आठ दिन से चल रही सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**शाहाबाद, हरदोई।** तीन फर्मों के ब्लैक लिस्टेड होने के बाद वेतन रुक जाने से नाराज आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी आठ दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे थे। शनिवार को अधिशासी अधिकारी और सफाई कर्मचारियों के नेताओं के बीच हुई सौहार्दपूर्ण वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त करने का ऐलान किया गया है। रविवार को सुबह से सफाई कर्मचारी अपने काम पर वापस लौटेंगे। गुरुवार को सफाई कर्मचारियों का वेतन उनके खाते में पहुंच जाने का आश्वासन दिया गया। आठ दिन से ठप्प पड़ी सफाई व्यवस्था से पूरे शहर में गंदगी व्याप्त हो गई। नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को वेतन देने वाली तीन प्रमुख फर्मों को ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद यह समस्या उत्पन्न हुई थी। नगर पालिका के 300 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर जैसे पदों पर बैठे कर्मचारियों का वेतन फंस गया। अधिशासी अधिकारी समय से वेतन देने का कोई जवाब नहीं दे सके, जिससे नाराज होकर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल कर दी और नगर में प्रदर्शन कर अधिशासी अधिकारी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2026-35**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- **ई निविदा संख्या:-** NER-LJN-2026-35, **कार्य का नाम:-** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल:- गोरखपुर-बाराबंकी:- गोरखपुर-बाराबंकी खंड के बीच टिम्बल गीदो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करके ट्रैक की टैपिंग से पहले और बाद का, माप सर्वेक्षण।, **अनुमानित लागत (रु):-** 22727699.76, **अग्रिम धन (रु):-** 263600.00, **समापन अवधि:-** 12 माह, **1** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-35** के लिये ई-निविदा दिनांक 17.03.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।, **2** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग**
**मुजाधि / डब्लू-477 लखनऊ**
**ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें**

**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

ई-निविदा सू०सं०: 422 / मु०अ० / 2025-26 दिनांक : 20.02.2026

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा टू-बिड सिंस्टम पर दिनांक 13.03.2026 को 01 कार्य हेतु ई-निविदा, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर०टी०जी०एस / एन०ई०एफ०टी० / इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 13.03.2026 को अपराहन 15.00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 13.03.2026 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण / नियम / शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। **मुख्य अभियन्ता**

**सांई लॉ कालेज, बेलहरा रोड, फतेहपुर बाराबंकी।**

**आवश्यकता है**
एल०एल०बी० (त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम हेत)
प्राचार्य पद-01-योग्यता-एल०एल०एम०, पी-एच०डी० एवं 15 वर्ष का अनुभव।
विधि प्रवक्ता पद-एल-एल०बी० त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम 23 प्रवक्ता पद हेतु।
विधि प्रवक्ता पद-एल-एल०बी० पंचवर्षीय पाठ्यक्रम 12 प्रवक्ता पद हेतु।
**विषय प्रवक्ता पद -**
1- इतिहास प्रवक्ता पद-02, 2- अंग्रेजी प्रवक्ता पद-02, 3- अर्थशास्त्र प्रवक्ता पद-02, 4- राजनीतिशास्त्र प्रवक्ता पद-02, 5- समाजशास्त्र प्रवक्ता पद-02,
6- मनोविज्ञान प्रवक्ता पद-02।
**योग्यता एवं वेतन -** यू0जी0सी0 के मानकानुसार,
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में अथवा ई-मेल के माध्यम से आवेदन करें।
**सम्पर्क सूत्र -** 8795812276, 8795842276, 9415051509
Emai Id- sailawcollegeftpbbk@gmail.com

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर।

पत्रांक 962 /352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/25-26 दिनांक :- 17-02-2026

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक-668/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2025-26 दि0 02-02-2026 एवं शुद्धि-पत्र सं0 821/352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/25-26 दिनांक 09-02-2026 द्वारा आमंत्रित निविदायें जो दिनॉक 19-02-2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे से ऑन लाइन डाउनलोड/सबमिट की जानी हैं तथा दिनॉक 28-02-2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जानी हैं। अपरिहार्य कारणों वश उक्त निविदा अब दिनॉक 27.02.2026 से दिनॉक 07.03.2026 मध्यान्ह 12.00 बजे तक ऑन लाइन डाउनलोड/सबमिट की जा सकेंगी तथा दिनॉक 07.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑनलाइन खोली जायेंगी।

निविदा सूचना की अन्य शेष शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

(बुद्धि सागर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
सीतापुर।

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर।

UP - 246700 दिनांक: 20/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर

पत्रांक- मु0चि0अ0 / XVth FC / विज्ञप्ति / U-AAM/भवन / 2025-26 / दिनांक - / 02 / 2026

प्रेस-विज्ञप्ति

निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या -8 / 746 / 320(5) / 15वां वि0आ0 / 2025-26 दिनांक 27 अक्टूबर के क्रम में जनपद सीतापुर की 04 नगर पंचायतों में 15वें वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान से 06 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर किराये के भवनों में संचालित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं, जहां की जनसंख्या (लगभग 15000 से 20,000) के मध्य में स्थित हो एवं मलिन बस्तियों में या उनके करीब हो तथा भवन में कम से कम 04 कमरे हों जिनका न्यूनतम क्षेत्रफल निम्न तालिका के अनुसार हो-

| क्र.सं. | नगर पंचायत जहां पर अर्बन आयुष्मान मन्दिर हेतु भवन उपलब्ध कराया जाएगा | स्थापित किए जाने वाले सेन्टर की संख्या (15-20 हजार की शहरी जनसंख्या पर 01 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मन्दिर) | आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया |
|---|---|---|---|
| .1. | नगर पंचायत महोली | 2 | ओ.पी.डी. रूम 100 वर्ग फुट<br>औषधि भण्डार एवं वितरण 80 वर्ग फुट |
| 2. | नगर पंचायत तम्बौर कम अहमदाबाद | 2 | टीकाकरण / काउन्सिलिंग 80 वर्ग फुट<br>स्टॉफ नर्स एवं पंजीकरण कक्ष 100 वर्ग फुट |
| 3. | नगर पंचायत हरगांव | 1 | वेटिंग रूम व पंजीकरण 210 वर्ग फुट<br>शौचालय 02 नग 60 वर्ग फुट<br>वेलनस कक्ष 250 वर्ग फुट<br>डे केयर रूम 220 वर्ग फुट<br>योग 1100 वर्ग फुट |
| 4. | नगर पंचायत सिधौली | 1 | आवश्यक निर्देश :- कॉरपेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत अंश दीवार एवं सर्कुलेशन का होता है। इस प्रकार भवन का कुल क्षेत्रफल न्यूनतम 1400 वर्गफुट होगा। भवन का किराया उस क्षेत्र के डी0एम0 सर्किल रेट या रू0 50,000/- जो कम हो, उसके अनुसार प्रतिमाह अनुमोदनोपरान्त दिया जायेगा। आवश्यकतानुसार भवन की संख्या घट/बढ. एवं अन्य स्थान पर हो सकती है। उपरोक्त भवन के अन्तिम चिन्हीकरण हेतु जिला स्वास्थ्य समिति का निर्णय मान्य होगा। |

इच्छुक भवन स्वामी (भवन के पूर्ण विवरण सहित) आवेदन दिनांक 01.03.2026 से 15.03.2026 तक कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, एन0एच0 24, हुसैनगंज, धनीपुर,, निकट होटल मेलरोज सीतापुर, पिन कोड-261125 पर स्पीड-पोस्ट / पंजीकृत डाक / कार्यालय के कक्ष संख्या 03 ( डाक डिस्पैच कक्ष ) में जमा कर सकते हैं।
नोट-भवन के मानक एवं शर्तो का विवरण जनपद की राजकीय वेबसाईट sitapur.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 246694 दिनांक: 20/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्साधिकारी
सीतापुर।

कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ।
3 / 435 ए विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

पत्रांक:-233 / ल0डा0न0ख0ल0 / ई-टेण्डर / दिनॉक : लखनऊ : 07.02.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या:-58 / अधि0अभि0 / ल0डा0न0ख0ल0 / 2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड के अन्तर्गत जनपद रायबरेली के विकास खण्ड डीह में स्थापित फागूपुर पम्प नहर पर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल "बी" श्रेणी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार फिक्स दरों पर दिनांक 24.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे से 06.03.2026 को अपराहन्न 11:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदाएं निर्धारित बिड फार्म यथा (1) तकनीकी बिड एवं (2) फाइनेन्शियल बिड में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनांक 06.03.2026 को अपराहन्न 01:00 बजे अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ के कार्यालय मे समिति एंव उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने के दशा मे यह निविदा अगले कार्यदिवस मे उसी समय खोली जायेगी। बिड जमा करने का विस्तृत विवरण ई-निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन निविदा के साथ निर्धारित श्रेणी के पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), तथा स्वघोषणा प्रमाण पत्र (IDT-3), रू0 100.00 मात्र के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर उक्त सभी की पठनीय स्कैण्ड प्रति ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी तथा न्यूनतम होने की स्थिति में उपरोक्त समस्त अभिलेखों की मूल प्रति उपलब्ध कराना होगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ई-निविदा हेतु प्रपत्र का मूल्य व धरोहर धनराशि ई-निविदा पोर्टल पर केवल ऑनलाइन रूप से ही जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र में निर्धारित तकनीकि विशिष्टियों / शर्तों में कोई विचलन / परिवर्तन मान्य नहीं होगा। निविदा हेतु कार्य एवं अन्य विवरण निम्नानुसार है:-

| क0सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1st class brick lining work 1:4 cm in bed and both side wall in main canal with 100% new bricks chainage 0.675 km to 1.00 km including all cost of material, labour, tool and plant etc. as per bill of quantity at Phagoopur pump canal district Raebareli. | 11.47 | 0.229 | 25 Days | 766.00 | सिविल मे "बी" या उच्च श्रेणी |

Note- GST applicable as per rule.

ई-निविदा से संबंधित समस्त बिड डाक्यूमेन्ट ई निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.02.2026 प्रातः 10:00 बजे से 06.03.2026 की अपराहन्न 11:00 बजे तक निविदा डाक्यूमेन्ट का मूल्य अनलाइन जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। यह निविदा / बिड सूचना सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http:// irrigation.up .nic. in एंव www.idup.gov.in पर उपलब्ध है।

UP - 246683 दिनांक: 20/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, लखनऊ

## मुकद्दस रमज़ान



- चौथा रोजा
- अफ्तार-रविवार 6:06 बजे
- पांचवां रोजा
- सहरी-सोमवार 5:21 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को दी गई फसल की क्षतिपूर्ति

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत लाभार्थी कृषकों को डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति वितरण समारोह तथा कृषि भवनों का शिलान्यास किया गया। कृषक गोकरन पुत्र मुंशी ग्राम नौनखारा, सांडी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत उनकी फसल की क्षतिपूर्ति हेतु 211000.00 का डमी चेक मुख्यमंत्री ने प्रदान किया।

### जहर खाने से युवती की मौत, जांच शुरू

**हरदोई, अमृत विचार।** जहर खाने से एक 18 वर्षीय युवती की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी बिलग्राम पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इसे लेकर लोगों में चर्चाएं जोर पकड़ती जा रहीं हैं लेकिन घर वाले बचते दिखाई दिए। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के जरैला निवासी अशोक कुमार की 18 वर्षीय पुत्री रुचि की शनिवार की शाम तबीयत बिगड़ गई। उसे सीएचसी बिलग्राम पहुंचाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है जांच की जा रही है।



मेला अध्यक्ष नारायण दास का स्वागत करते प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह। अमृत विचार



संत महात्माओं की अगुवाई करते लोग। अमृत विचार



पड़ाव स्थल पर बैठे नागा बाबा दिलीप पुरी काशी। अमृत विचार

# 84 लाख योनियों से मुक्ति देती है 84 कोसी परिक्रमा

## भजन-कीर्तन की स्वर लहरियों से गूंज उठा चौथा पड़ाव गिरधरपुर उमरारी, संत-महात्माओं का हुआ स्वागत, जगह-जगह लगाए गए स्टॉल

दिलीप कुमार, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** नैमिषारण्य से प्रारंभ हुई 84 कोसी परिक्रमा यात्रा शनिवार को अपने चौथे पड़ाव गिरधरपुर उमरारी पहुंच गई, यहां परिक्रमार्थियों ने डेरा डालकर भजन-कीर्तन शुरू कर दिया, स्थानीय नागरिक श्रद्धालुओं की सेवा में जुट गए, यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के डेरा डालने से एक धार्मिक नगरी आबाद हो गई, रविवार को परिक्रमा यात्रा अपने पांचवें पड़ाव साकिन गोपालपुर पहुंचेगी।

पावन तीर्थ नैमिषारण्य में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु इस 84 कोसी की परिक्रमा में शामिल होने के लिए प्रत्येक वर्ष आते हैं, इस समय परिक्रमा यात्रा अपने चौथे व हरदोई जिले के तीसरे पड़ाव पर पहुंच चुकी है, नगवा कोथावां से गिरधरपुर उमरारी की दूरी तकरीबन 12 किलोमीटर है, इस दरम्यान ढोल-मंजीरे की धुन पर नाचते-गाते और राम-नाम का जयघोष करते परिक्रमार्थी जहां से निकलते, वहां का पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता, भजन कीर्तन और जयकारों की आवाज सुनकर ग्रामीण परिक्रमार्थियों के दर्शन करने घरों से बाहर निकल आते, जगह-जगह स्टाल लगाकर स्थानीय लोग श्रद्धालुओं को चाय-नाश्ता और भोजन भी कराते नजर आए, परिक्रमा में शामिल हाथी-घोड़े व पालकी देख बच्चे खासा उत्साहित नजर आए। परिक्रमा पड़ाव स्थल पर पहुंच कर श्रद्धालुओं ने डेरा डाल दिया, इसके बाद कोई भोजन बनाता तो कोई सुस्ताता नजर आया, साधु-संतों की टोलियां भजन-कीर्तन करने लगीं जिससे यहां मानों एक धर्मनगरी बस गई।

**संतों की उतारी गयी आरती:** परिक्रमा पड़ाव स्थल गिरधरपुर उमरारी की धरा पर जैसे ही साधु संतों के पावन चरण पड़े सभी लोग स्वागत करते हुए अगुवाई करने के लिए दौड़ पड़े, जहां प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह ने संतों की आरती उतार कर स्वागत किया वहीं नगर पंचायत बेनीगंज अधिशासी अधिकारी संजय कुमार अग्रहरि ने अंगवस्त्र भेटकर व क्षेत्राधिकारी हरियावां अजीत चौहान, नायब तहसीलदार अनुपम ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

**परिक्रमा पड़ाव स्थल को बनाया भागवत कथा स्थल:** परिक्रमा यात्रा कर रहे कथा प्रवक्ता आचार्य अशोक उपाध्याय प्रत्येक परिक्रमा पड़ाव स्थल को भागवत कथा स्थल बना रहे हैं, नित्य दैनिक कार्य करने के बाद पड़ाव स्थल पर ही आचार्य अशोक उपाध्याय श्रीमद्भागवत कथा सुनाना आरंभ कर देते हैं, जिससे परिक्रमार्थियों को परिक्रमा यात्रा के पुण्य के साथ साथ श्रीमद्भागवत कथा सुनने का भी पुण्य फल प्राप्त हो रहा है। चारों ओर का वातावरण भक्तिमय है।



भजन-कीर्तन करते संत महात्मा। अमृत विचार



श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते महंत नारायण दास। अमृत विचार



संत महात्माओं का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### सूर्य कुंड में स्नान से रोग मुक्त होने की मान्यता

मान्यता है कि सूर्य देव की कृपा से महारथी कर्ण ने यहाँ साधना की थी, जो सूर्य के प्रति उनकी अटूट भक्ति का प्रतीक है, इस कुंड में स्नान करने से चर्म रोग और त्वचा से संबंधित सभी बीमारियां ठीक हो जाती हैं, महाभारत कालीन इस तीर्थ मे परिक्रमा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर रोगमुक्ति की कामना की और गिरधरपुर स्थित प्राचीन निबोस बाबा मन्दिर मे पूजा अर्चना कर पुण्यफल प्राप्त किया।

### परिक्रमा यात्रा में चोर हुए सक्रिय

परिक्रमा यात्रा के दौरान हत्याहरण तीर्थ मे स्नान कर रहे मध्यप्रदेश के भिण्ड निवासी परिक्रमार्थी राजीव सिंह तोमर पुत्र निहाल सिंह तोमर को अज्ञात चोर ने चकमा देकर पैन्ट उठा ले गए, राजीव ने जानकारी देते हुए बताया कि पैन्ट में करीब आठ हजार चार सौ रुपये, आधार कार्ड, पैनकार्ड, आयुष्मान कार्ड व कुछ अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे, पीड़ित राजीव क्षेत्राधिकारी हरियावां अजीत चौहान से कार्यवाही करते हुए उनके सभी जरूरी कागजात वापस दिलाने की गुहार लगाई।

## 39 पशुओं से भरी डीसीएम पकड़ी, पांच तस्कर गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई।** ग्राम उधरनपुर में शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षमता से अधिक लादे गए पशुओं से भरी डीसीएम सहित पांच पशु तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी आलोक राज नारायण के नेतृत्व में त्योहारों को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को एसआई हरदीप कुमार उधरनपुर बैरियर पर चेकिंग कर रहे थे। इस बीच शाहजहांपुर से आ रही डीसीएम को एसआई लाखन सिंह व हरदीप कुमार ने रोककर पूछताछ की। तलाशी में उसमे बेहरहमी से लदे हुए 39 पशुओं को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रस्सी खुलवाकर बाहर निकलवाया। पुलिस ने डीसीएम पर बैठे नबी हसन पुत्र बक्शी, अरबाज पुत्र मुन्शी, बब्लू पुत्र गब्टू निवासी कुतुआपुर बंजारनपुरवा मियांपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर, मुस्ताक पुत्र शेर खां निवासी मियांपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी और दलशेर अली पुत्र नूरा अली निवासी उमरपुर लौकीखेड़ा थाना मूड़ा जनपद लखीमपुर खीरी वर्तमान पता निवासी मियांपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पशु तस्करों ने पुलिस को बताया उक्त पशुओं को गांव से खरीदकर तथा पैसो की बचत के लिये अधिक संख्या में भरकर ले जाकर गोरखपुर में बेचने जा रहे थे। पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी से पकड़े गए पशुओं का मेडिकल करवाया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## समाधान दिवस: डीएम व एसपी ने सुनीं शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** तहसील सण्डीला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये के भारत एवं प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर लाभान्वित करायें और प्रत्येक दिन प्रातः10 बजे से 12 बजे कार्यलय में विभागीय योजनाओं एवं अन्य समस्याओं के निदान के लिए आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लें और उचित समस्याओं का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में विकास एवं निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये समस्त विकास एवं निर्माण कार्यो को शासन द्वारा निर्धारित समय में गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक के अनुरूप पूरा करायें। गरीबों एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त कानूनगों व लेखपालों को निर्देश दिये ऐसी शिकायतों पर विशेष ध्यान दें और सभी प्रकार की भूमि किये गये अवैध कब्जों को उच्च अधिकारियों को संज्ञान में देते हुए खाली करायें और अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करायें।

## छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

वार्षिकोत्सव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय कौढ़ा विकास खंड बावन के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन तथा मां शारदे के छायाचित्र पर पुष्पार्चन कर किया। समारोह में विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गायन के उपरांत नारी सशक्तिकरण से सम्बंधित विभिन्न प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार व होनहार विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए, शैक्षणिक संस्थानों के उत्थान में अपने हर संभव सहयोग का आश्वासन प्रदान किया। इसी क्रम में अध्यक्ष प्रेमावती ने शिक्षामित्रों व् अनुदेशकों के हित में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये गए मानदेय वृद्धि के निर्णय पर बधाई देते हुए, मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार से प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रतिभा वर्मा के द्वारा अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख बावन धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ सुनीता त्यागी, महामंत्री उदय शंकर मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी अरुण वर्मा, सेवानिवृत शिक्षिका माया देवी अवस्थी, कार्यक्रम संचालक सत्येंद्र श्रीवास्तव, शशिबाला गौतम व सुबोध गुप्ता सहित विद्यालय प्रमुख समिति अध्यक्ष, ग्रामवासी, पूर्व छात्र- छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।



उच्च प्राथमिक विद्यालय कौढ़ा के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

## शिवा पूर्वा में पलटी ऑटो बालिका की गयी जान

**पिहानी, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के शिवा पूर्वा गांव में शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्ची की जान चली गई। मृतक बच्ची की पहचान निहारिका, पुत्री धर्मपाल, निवासी मोहल्ला मिश्राना के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच आपसी कहासुनी होने पर दोनों अपने घर धामापुर जाने का निर्णय लेकर ऑटो रिक्शा से निकल पड़े थे। रास्ते में जहानीखेड़ा-पिहानी मार्ग पर शिवा पूर्वा के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में निहारिका ऑटो के नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजन बच्ची को तत्काल सीएचसी पिहानी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही कोतवाली पिहानी प्रभारी छोटे लाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और संवेदनशीलता के साथ कानूनी प्रक्रिया पूरी कराई। मौके पर पहुंचे आनंद शुक्ला और प्रफुल्ल यादव ने शव को पीएम के लिए भेजा।

## हादसे में दूल्हे के दोस्त की मौत, दो घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दोस्त की बारात में शामिल हुआ युवक अपने मौसेरे और फुफेरे भाई के साथ। बाइक से लौट रहा था, उसी बीच रास्तें में बिलग्राम रोड पर पाहसामऊ पुलिया के पास तीनों बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गए, जिसमें दूल्हे के दोस्त की मौत हो गई और उसके मौसेरे व फुफेरे भाई को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया।पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के हरदोई देहात के मजरा गुरुगुज्जा निवासी 18 वर्षीय मोहित कुशवाहा शुक्रवार को अपने 18 वर्षीय मौसेरे भाई नीलू और 19 वर्षीय फुफेरे भाई उमेश के साथ दोस्त गोविंद की बारात में माधौगंज के पुरौली गांव गया हुआ था, वहां रात में रुकने के बाद शनिवार की भोर पहर तीनों बाइक से लौट रहे थे। उसी बीच रास्तें में कोतवाली शहर की पाहसामऊ पुलिया के पास बकाबू रफ्तार गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों ज़ख्मी हो गए, तीनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद मोहित की मौत हो गई। मोहित के चाचा संजय ने बताया कि मोहित बिलग्राम चुंगी पर सब्ज़ी का ठेला लगाता था, वह तीन भाइयों में छोटा था, उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।



मोहित कुशवाहा।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### हरदोई हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने अर्टिगा में टक्कर मारी, बाल-बाल बचे दोनों चालक

**शाहाबाद, हरदोई।** शुक्रवार की रात्रि हरदोई हाईवे पर मीरपुर गन्नू पुलिया के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रही है अर्टिगा कार में टक्कर मार दी, जिससे दोनों चालक बाल-बाल बच गए, लेकिन दोनों वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गए। श्याम सिंह पुत्र दाताराम निवासी ग्राम सहोरा के अनुसार रात्रि में 11 बजे हरदोई से शाहाबाद वापस आ रहा था। मीरपुर गन्नू पुलिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी कार में टक्कर मारी जिससे वह बाल बाल बच गया। बोलेरो चालक बोलोरो छोड़कर फरार हो गया। दोनों वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पाकर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। शनिवार को श्याम सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया दुर्घटना की बात सामने आई है। कार चालक ने तहरीर दी है।

## सीडीओ ने ब्लॉक सुरसा का किया औचक निरीक्षण



शिकायत पटल में अभिलेखों का अवलोकन करतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा।

संवाददाता हरदोई

**अमृत विचार।** सीडीओ सान्या छाबड़ा ने संपूर्ण समाधान दिवस बिलग्राम में प्रतिभाग करने के उपरांत विकास खंड कार्यालय सुरसा का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय सर्व प्रथम प्रशासनिक भवन में स्थापित स्थापना पटल, आवास पटल, शिकायत पटल, लेखाकार मनरेगा एवं क्षेत्र पंचायत पटल का निरीक्षण किया गया। प्रशासनिक भवन में प्रकाश व्यवस्था कम पाये जाने पर समुचित प्रकाश व्यवस्था कराये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। शिकायती पटल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का संक्षिप्त विवरण पंजिका पर दर्ज करने न करने एवं जन सूचना में प्राप्त आवेदनों की निस्तारण स्थिति पंजिका पर दर्ज न करने पर पटल सहायक रमेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी के निर्देश दिये गये। स्थापना पटल का निरीक्षण करते हुए उपस्थित पंजिकाएं, भ्रमण पंजिका, सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक, स्थापना रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा अद्यावधिक प्रविष्टियां पायी गयीं। मनरेगा सेल का निरीक्षण करते हुए 100 दिवस प्राप्त कर ने वाले श्रमिकों के विवरण को देखा गया तथा मनरेगान्तर्गत प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक कच्चा कार्य प्रतिदिन चलते रहने के निर्देश दिये गये। सीडीओ ने एनआरएलएम सेल का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव एवं सीएलएफ के माध्यम से धनराशि ग्राम संगठन एव समूहों को हस्तानान्तरण होने की स्थिति को देखा। इसके बाद बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, एफआरएस की स्थिति एवं राशन वितरण की स्थिति को देखा गया तथा शत-प्रतिशत आच्छादित लाभार्थियों के एफआरएस हेतु निर्देशित किया गया। सहायक विकास अधिकारी, पंचायत कक्ष में प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त न पाये जाने पर उसे ठीक कराने एवं आलमारी में रखे अभिलेखों को सुव्यवस्थित कराने के निर्देश सहायक विकास अधिकारी, पंचायत जितेन्द्र गुप्ता को दिये गये। निरीक्षण के समय कविता तिवारी, ममता यादव, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरसा अधीनस्थ ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नवाचारी युवा करेंगे विकसित भारत का निर्माण : संतोष कुमार

- 60 वर्ष पूरे होने पर सीएसएन कॉलेज का हुआ हीरक जयंती स्थापना दिवस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार को नगर के सीएसएन महाविद्यालय की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का भव्य शुभारंभ करते हुए झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि नवाचारी युवा ही विकसित भारत का निर्माण करेंगे। उन्होंने युवाओं को नियुक्ति मांगने के स्थान पर नियोक्ता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं को वैश्विक नवाचार, अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीकी परिवर्तन कृत्रिम बुद्धिमता आदि का अध्ययन व अनुसंधान करने की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति पर बल देते हुए बताया कि इसमें रोजगार के साथ संस्कार की भी बात की गई है। हमें सफलता का आकाश छूने के साथ-साथ परिवार व समाज का भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय के संस्थापक बाबू मोहनलाल वर्मा के साथ अपने रागात्मक संबंधों को याद करते हुए कई संस्मरण सुनाए और उन्हें युग पुरुष बताया।

महाविद्यालय के सृजनात्मक शैक्षिक वातावरण व विद्यार्थियों के सर्वतोन्मुखी विकास हेतु उन्होंने महाविद्यालय व प्राचार्य की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि जीवन में सफलता के साथ सार्थकता तथा योग्यता के साथ योगदान भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का 60 वर्ष का गौरवशाली इतिहास रहा है यहां से शिक्षा, प्रशासन, राजनीति आदि विविध क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर लोगों ने महाविद्यालय को नवीन गरिमा प्रदान की। प्राचार्य प्रो कौशलेंद्र कुमार सिंह ने विगत 60 वर्षों का प्रगति आख्यान बताते हुए कहा कि महाविद्यालय का गौरवशाली अतीत रहा है। विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु हीरक जयंती वर्ष में विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक व क्रीडा प्रतियोगिताएं वर्षभर गतिमान रहेंगी। कहा गया कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से कौशल पूरी तरह निखरकर सामने आता है। कार्यक्रम संयोजक व महाविद्यालय के संस्थापक बाबू मोहनलाल वर्मा के पौत्र प्रभात वर्मा ने कहा कि बाबूजी के सपनों के अनुरूप वह एक सुंदर, समृद्ध व समावेशी महाविद्यालय की प्रगति हेतु निरंतर तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के आरंभ में आगत अतिथियों ने महाविद्यालय स्थित तीनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के नवीन भवन प्रखंड का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण हुआ। मंचीय कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्मारिका व पोस्टर का विमोचन हुआ साथ ही प्राध्यापक डॉक्टर सचिन सिंह द्वारा संपादित पुस्तक का भी विमोचन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी देखी गयी।

**प्रतिभाओं का हुआ सम्मान:** यूजीसी नेट जेआरएफ दिसंबर 2025 की परीक्षा में सफल 27 विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



दीप प्रज्ज्वलित करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार व मंत्री रजनी तिवारी।



**रोजा**

**शिया**

सहरी : 05.07 बजे

अफ्तार : 06.16 बजे

**सुन्नी**

सहरी : 05.14 बजे

अफ्तार : 06.06 बजे

# समाधान दिवस: साहब! हमार बिटिया का बचाय लेउ

## हरदोई से आए परिवार ने तहसील समाधान दिवस पर लगाई गुहार, विवाहिता के साथ हो रही अमानवीय यातनाओं के दिए साक्ष्य

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस शिकायतों का पुलिंदा लेकर आया, घरेलू मामलों के अलावा बड़ी शिकायतें राजस्व से जुड़ी हुई थीं। महोली तहसील में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने की। वहीं तहसील सदर में एडीएम न्यायिक उपस्थित रहे।

सदर तहसील में हरदोई जनपद के लक्ष्मीपुरवा की बुजुर्ग महिला प्रियदम्बा पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडीएम (न्यायिक) खालिद अंजुम से मिलकर फफक पड़ीं। कहने लगीं कि साहब! हमार बिटिया का बचाय लेव नहीं तो दहेज लोभी मार डरिहैं। महिला की बेबसी भरी शिकायत पर एडीएम ने तत्काल रामकोट पुलिस को पिपरी गांव में विवाहिता के हो रहे उत्पीड़न को लेकर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। इसी कड़ी में कई शिकायतें कब्जेदारी से जुड़ी हुई थीं। उधर, तहसील महोली में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के अलावा विधायक शशांक त्रिवेदी और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल उपस्थित रहे।



महोली तहसील में शिकायतें सुनते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.। अमृत विचार



प्रियदम्बा



रफीक

### कोर्ट का आदेश फिर भी नहीं हुई पैमाश

ग्राम अर्थलियाग्रांट गांव में पैमाइश को लेकर कोर्ट ने आदेश दिया। फिर भी पैमाइश नहीं हो सकी। शिकायती पत्र को आधार बनाते हुए एडीएम खालिद अंजुम ने तहसील अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

### धरातल पर दिखे निस्तारण: डीएम

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से हल करने पर जोर दिया।

### सिधौली में 12 शिकायतों का निस्तारण

महोली तहसील में 83 में से 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सिधौली में 94 में से 12 का निस्तारण, लहरपुर 31 में से 07 का निस्तारण एसडीएम आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में हुआ। इसके साथ ही बिसवां, मिश्रिख और महमूदाबाद में भी मौके पर निस्तारण किए गए।

> न्यायोचित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही हमारी प्राथमिकता है। जनता को अपनी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से काम करें। — डॉ. राजागणपति आर. जिलाधिकारी

### आज सजेगा 'मेगा विधिक शिविर'

**सीतापुर। अमृत विचार :** शहर की नवीन गल्ला मंडी में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विशाल 'विधिक सहायता मेगा शिविर' का आयोजन किया जाएगा। शिविर का भव्य शुभारंभ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति पंकज भाटिया और जनपद न्यायाधीश आशीष जैन करेंगे। इस महा-अभियान में कुल 46 सरकारी विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर जनता की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जिसमें प्री-माइक्रो कैंपों के माध्यम से चयनित 10 हजार से अधिक पात्र लोगों को सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। प्राधिकरण सचिव विजयभान ने बताया कि शिविर के बाद हर ग्राम पंचायत में 'लीगल एड क्लीनिक' खोलने की योजना है, ताकि ग्रामीणों को घर के पास ही निशुल्क कानूनी सहायता मिल सके।

**न्यूज ब्रीफ**

### चीनी मिल के कब्जे के खिलाफ भाजपा नेता ने खोला मोर्चा

**हरगांव।** भाजपा जिला मंत्री उदित बाजपेई ने जिलाधिकारी से मिलकर चीनी मिल द्वारा आबादी की भूमि पर किए गए कब्जे की शिकायत की है। भाजपा नेता ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर भूमि को मुक्त कराने की मांग की गई है। उदित बाजपेई का आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में मिल के नाम मात्र कुछ ही भूमि दर्ज है, फिर भी मिल प्रबंधन ने विशाल आबादी क्षेत्र पर निर्माण करा लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को यह भी बताया कि प्रबंधन द्वारा शिकायतकर्ताओं का उत्पीड़न किया जाता रहा है।

### बरामद हुई कच्ची शराब, केस दर्ज

**सीतापुर।** आबकारी विभाग के चश्मे से अवैध शराब नहीं दिखती। दबिश तब पड़ी जब ग्रामीणों ने गांव चौपाल में सीडीओ प्रणता ऐश्वर्य से शिकायत की। सीडीओ के आदेश पर आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने खैराबाद इलाके के नेवादा गांव में दबिश देकर कच्ची शराब बरामद की। यहां जगदेई और उसके पुत्र रामचन्दर के विरुद्ध केस दर्ज किया।

### अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

**रामपुर मथुरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा में चोरों के हौसले बुलंद हैं। अस्पताल परिसर के अंदर से एक अज्ञात चोर मोटरसाइकिल लेकर रफूचक्कर हो गया। रामपुर मथुरा निवासी पंकज कुमार पुत्र मुंशीलाल ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वो दोपहर में अपनी मोटरसाइकिल अस्पताल की बाउंड्री के अंदर खड़ी कर किसी काम से अंदर गए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे, तो उनकी बाइक वहां से नदारद थी।

### अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी

**सीतापुर।** स्थानीय अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नवाचार का परिचय देते हुए विज्ञान, गणित एवं अन्य विषयों पर आधारित शानदार मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल के रूप में पूर्व भौतिक विज्ञान प्रवक्ता आरएस वर्मा, पूर्व रसायन विज्ञान प्रवक्ता मकरंद सिंह एवं मनु पाठक रहे।

### फायरिंग मामले में 6 वांछित गिरफ्तार

**खैराबाद।** स्थानीय पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए फायरिंग के मामले में फरार चल रहे छह वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। एएसपी विनायक गोपाल भोसले ने बताया कि खैराबाद पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कनायतपुर निवासी आरोपी शिवशंकर, संतराम, जसवंत, नरेश, कृष्ण कुमार और सुजीत को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूसें बरामद हुई।

### अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचे राठौर

**सीतापुर।** सेवता विधानसभा क्षेत्र के रामपुर मथुरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम उमरी गणेशपुर, तुलापुरवा में भीषण आग लगने से कई परिवारों का भारी नुकसान हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सीतापुर सांसद राकेश राठौर के भतीजे शशांक राठौर ने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही पीड़ित परिवारों को निजी स्तर पर खाद्य सामग्री एवं अन्य राहत किट वितरित की गई।

### बकरी चराने गए दो मासूम लापता

**बिसवां।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम बुढ़नापुर से शुक्रवार दोपहर बकरी चराने गए दो मासूम बच्चों के लापता होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। फरीद (10) पुत्र स्व. सिराज और फैज आलम (10) पुत्र इशरत अली शुक्रवार दोपहर घर से निकले थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न लगने पर पुलिस को सूचना दी गई।

# महिला की लोहे की राड से पीटकर हत्या, केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- अटरिया थानाक्षेत्र के जजौर गांव का है मामला

**अमृत विचारः** जमीन बेचने का विवाद इतना बढ़ा कि हरदोई जनपद से आकर दो सगे भाईयों ने अपनी ही बुआ की लोहे के राड से पीटकर हत्या कर दी। अटरिया थानाक्षेत्र के जजौर गांव में हुई वारदात के बाद आरोपी भतीजे मौके से फरार हो गए। एसपी के आदेश के बाद देर शाम पुलिस की एक टीम हरदोई जनपद भेजी गई है।

अटरिया थानाक्षेत्र के जजौर गांव के प्रधान विनोद दीक्षित की बहू उमा अपने घर पर थी। बताते हैं कि घटना के समय उमा के अलावा परिवार के अन्य लोग बाहर थे। आरोप है कि जमीन बेचने को लेकर उमा का अपने ही सगे भतीजों हरदोई जनपद के सण्डीला निवासी बेबू आदि से विवाद चला आ रहा था। इसी को लेकर बेबू और उसका भाई जजौर आया। यहां जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर बुआ उमा से झगड़ा होने लगा। बातचीत बढ़ने पर दोनों भाईयों ने लोहे ही राड से पीटकर उमा की हत्या कर दी, बाद में बाइक से फरार हो गए। सीओ सिधौली कपूर कुमार का कहना हैं कि आरोपियों की तलाश में एक टीम हरदोई जनपद भेजी गई है। मामले में मृतका के पति आमोद की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।



लालबाग चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजयुमो पदाधिकारी व सदस्य।

### भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**संवाददाता, सीतापुर।** दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने शहर के लालबाग चौराहे पर प्रदर्शन किया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र व उपाध्यक्ष अमन विक्रम सिंह के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर कांग्रेस का ऐसा आचरण देश की छवि धूमिल करने वाला है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान संजय मिश्रा, राजन गुप्ता, अनूप विश्वकर्मा, तरुण शुक्ल व ऋषभ त्रिवेदी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मेले की सुरक्षा का एडीजी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, सीतापुर/मिश्रिख।

- सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी
- माता-पिता के साथ किया पूजन

**अमृत विचार :** पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए शनिवार शाम एडीजी प्रवीण कुमार ने नैमिषारण्य और मिश्रिख क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने चक्रतीर्थ और ललिता देवी मंदिर में माता-पिता के साथ दर्शन-पूजन कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दधीचि कुंड के निरीक्षण के दौरान एडीजी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए ड्रोन व सीसीटीवी से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जाए।

सभी प्रवेश द्वारों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो। क्षतिग्रस्त रेलिंग और लटकते बिजली के तारों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। एडीजी ने यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर भी रणनीति साझा की, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एएसपी (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ मिश्रिख विशाल गुप्ता सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



नैमिषारण्य स्थित मंदिर में पूजन-अर्चन करते एडीजी जोन। अमृत विचार

### डीजे पर थिरकने तो कहीं नाली विवाद में बरसीं लाठियां, 3 गंभीर

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचारः** जनपद के दो थाना क्षेत्रों में 24 घंटों के भीतर जानलेवा हमले की घटनाएं सामने आई हैं। रेउसा में वैवाहिक समारोह के दौरान मारपीट हुई, वहीं तालगांव में मामूली नाली विवाद में खूनी संघर्ष हुआ। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर लिया है। रेउसा थाना क्षेत्र के काशीपुर में देर रात वैवाहिक समारोह था। इसमें डीजे जनाती और बराती दोनों पक्ष नाच रहे थे। इसी दौरान आपस में विवाद हो गया। जानलेवा हमले में अवधेश कुमार वर्मा और अमरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा में भर्ती कराया। देर तक वैवाहिक समारोह के कार्यक्रम में बाधा बनी रही। उधर, तालगांव थाना क्षेत्र के तेउला गांव में नाली सफाई के दौरान छींटे पड़ने के दो युवको के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि मोहम्मद इस्लामुद्दीन ने दुकान मालिक आनंद पर कुदाल से वार कर दिया, जिससे उसका जबड़ा फ्रैक्चर हो गया। गंभीर हालत में उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। सीओ लहरपुर आलोक प्रसाद ने बताया कि आरोपी इस्लामुद्दीन और हसन अली को गिरफ्तार कर लिया गया है।



धरना स्थल पर उपस्थित डॉ. बृजबिहारी व अन्य। अमृत विचार

### अब होगी 'संविधान बचाओ संवाद रैली'

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** सात दिवसीय 'मनरेगा बचाओ संवाद यात्रा' का हरगांव विधानसभा क्षेत्र के नबीनगर और जैतापुर में समापन हुआ। यात्रा के दौरान 43 ग्राम सभाओं में बैठकें की गईं। यहां 3616 परिवारों का मनरेगा पंजीकरण कराया गया। नबीनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यात्रा के प्रभारी विष्णु गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म करने की कोशिश कर रही है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी 29 मार्च को हरगांव में 'संविधान बचाओ संवाद रैली' का आयोजन होगा, जिसकी तैयारी के लिए 15 मार्च को कार्यकर्ता बैठक बुलाई गई है। उधर, धरना स्थल पर डॉ. बृज बिहारी के नेतृत्व में धरना हुआ। इस दौरान सुनीला रावत, राधेश्याम कनौजिया, कन्हैयालाल कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# पीड़ित महिलाओं से करें मृदुल व सकारात्मक व्यवहार: एडीजी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने किया निरीक्षण

**अमृत विचारः** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार ने शुक्रवार देर रात कोतवाली सिधौली का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर और मालखाने के रख-रखाव को बारीकी से परखा।

एडीजी प्रवीण कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों से सकारात्मक व्यवहार के साथ पुलिस पेश आए, मिशन शक्ति केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया और कहा कि पीड़ित महिलाओं से मृदुल और सकारात्मक व्यवहार करना जरूरी है। कार्रवाई के बाद अनिवार्य रूप से फीडबैक भी लिया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एएसपी (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी सिधौली सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एडीजी ने साइबर सेल और कंप्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि विवेचनाओं में 'ई-साक्ष्य' को प्राथमिकता से शामिल किया जाए। उन्होंने साइबर हेल्प डेस्क पर जोर दिया।

### स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

**लहरपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को विभिन्न ग्रामों में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेयी ने ग्राम चकपुरवा और डिंगुरापुर स्थित टीकाकरण केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक ने स्वास्थ्य कर्मियों को शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के वजन और पोषण स्तर की जानकारी ली और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के बेहतर प्रबंधन व नियमित फॉलोअप की बात कही। डॉ. वाजपेयी ने एएनएम को निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं की बीपी और खून की जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

### दो दिवसीय परिवहन मेले का समापन

**खैराबाद।** उप संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय परिवहन मेले का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। मेले के अंतिम दिन 180 लोगों ने प्रतिभाग कर नवीन टैक्स प्रणाली की जानकारी ली। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि मेले में 7500 किग्रा तक के मालवाहक व यात्री वाहनों के लिए लागू 'वन टाइम टैक्स' व्यवस्था के बारे में विस्तार से समझाया गया। वाहन स्वामियों व डीलरों को ऑनलाइन पोर्टल और कार्यालय काउंटर पर कर जमा करने की प्रक्रिया के साथ-साथ देरी पर लगने वाले जुर्माने के प्रति भी जागरूक किया गया।

# कस्बे में हटाया गया अतिक्रमण



मुख्य मार्ग पर कब्जा हटवाती पुलिस। अमृत विचार

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** कस्बे के मुख्य चौराहा पर तहसील, नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाओ अभियान बड़े चौराहे पर चला। इसमें उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह, नपा इंचार्ज ईओ संजीव पाण्डेय, कोतवाली निरीक्षक राम राघव सिंह, कस्बा प्रभारी सुधाकर सिंह, नगर पालिका कर्मचारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### अतिक्रमण पर चला पालिका का बुलडोजर

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद द्वारा शनिवार शाम पालिका चौराहे से मजा शाह चौराहे तक सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी अनूप राय और तहसीलदार अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने पहले ही नाले से एक मीटर की दूरी तक का अतिक्रमण स्वतः हटाने के निर्देश दिए थे। निर्देश की अवहेलना होने पर पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ढहा दिए गए। ईओ अनूप राय ने बताया कि सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को मुक्त कराया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान कोतवाल अरविंद सिंह, नायब तहसीलदार और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। देर शाम तक अभियान जारी रहने से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### बंजर भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**लहरपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बेनी सरायं में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को तहसीलदार न्यायालय के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ बंजर भूमि पर बने अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। ग्राम बेनी सरायं, गाटा संख्या 1287 बंजर भूमि। कुल 0.182 हेक्टेयर में से 0.060 हेक्टेयर पर अवैध कब्जा था। शिव कुमार पुत्र विश्वेश्वर दयाल द्वारा किया गया था अवैध निर्माण। मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद राजस्व निरीक्षक अमर सिंह वर्मा ने बताया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सड़क हादसों में 6 घायल, एक की हालत गंभीर

**इमलिया सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र में शनिवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोग चोटिल हो गए। बेलगवां गांव के पास हुए इन हादसों में एक युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। पहली घटना सीतापुर से काजीकमालपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार बेलगवां गांव के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क के दूसरी ओर जाकर पलट गई। कार सवार सोनू और उनके साथी सुरक्षित हैं, जबकि शावेज और अरमान को चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि एयरबैग खुलने की वजह से बड़ा हादसा टल गया। दूसरी घटना भी बेलगवां गांव के पास ही हुई, जहां अपनी पुत्री के साथ घर लौट रहे महेश मौर्य की बाइक को एक तेज रफ्तार सफेद इनोवा ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 18 वर्षीय खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि महेश को भी चोटें आई हैं।

### यूपी बोर्ड : 146 केंद्रों पर हुईं परीक्षाएं

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के 146 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह के अनुसार, प्रथम पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा में 18,092 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 17,168 उपस्थित रहे, जबकि 924 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार इंटर के विभिन्न ट्रेड विषयों में 794 छात्र शामिल हुए। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट इतिहास की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 4,054 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 3,875 उपस्थित और 179 अनुपस्थित रहे। जिले में गठित 6 सचल दलों ने केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। डीआईओएस ने बताया कि पूरे जनपद में कहीं से भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया है और परीक्षाएं पूरी तरह शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुईं।

# 2439 पात्रों का आवेदन, 627 को मिला दाखिला

संवाददाता, सीतापुर

- प्राइवेट स्कूलों में मुफ्त प्रवेश का पहला चरण पूर्ण, द्वितीय के आवेदन शुरू

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के पहले चरण में 2439 पात्रों का आवेदन हुआ। इसमें से 627 को दाखिला मिला है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह के मुताबिक, पहले चरण में 1100 आवेदकों की लॉटरी निकली थी। इसमें से 627 छात्र-छात्राओं को निजी विद्यालयों में निशुल्क प्रवेश के लिए रास्ता खोला गया है। सभी के विद्यालय में प्रवेश की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बताया कि अब तक 2439 पात्र आवेदन कर चुके हैं। इसके बाद दूसरे चरण की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। इस कड़ी में जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में हेल्प डेस्क लगाकर सायंकल तक कार्य को पूर्ण कराया जाता रहा।



डीएम ऑफिस पर आवेदन के लिए लगाई गई आरटीई हेल्प डेस्क।

**दो चरणों से इस तरह होंगे आवेदन :** द्वितीय चरण में 21 फरवरी से 07 मार्च तक आवेदन लेकर लॉटरी 09 मार्च को जारी होगी। इसके बाद तृतीय चरण 12 मार्च से 25 मार्च तक और लॉटरी 27 मार्च। को जारी होगी। अभिभावक आधिकारिक वेबसाइट www.rte25.upsdc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। आवेदन के समय अभिभावक अपने वार्ड या ग्राम पंचायत के अधिकतम दस स्कूलों का चयन कर सकते हैं।

# भतीजी की शादी में शामिल हो लौट रहे चाचा सहित दो की मौत

संवाददाता बिसवां, सीतापुर।

- बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोच खुर्द गांव के नजदीक हुआ हादसा

**अमृत विचारः** भतीजी की विवाह में सम्मिलित होकर लौट रहे बाइक सवार चाचा सहित दो लोगों की मौत हो गई। बताते हैं कि बाइक इलाके में मोच खुर्द गांव के नजदीक पहुंची, इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई, हादसे में दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बिसवां कोतवाली पुलिस ने मामले में अभियोग दर्ज कर लिया है।




सदरपुर थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद के मजरा छठवान निवासी राजेंद्र प्रसाद वर्मा (60) पुत्र अवध शरण अपने साथी जयपाल वर्मा (55) पुत्र मायाराम निवासी ग्राम छठवान के साथ अपनी भतीजी के विवाह समारोह रामपुर कलां थाना क्षेत्र के सरैंय्या स्थित विजया मैरिज लॉन गये थे। बताते हैं कि देर रात दोनों लोग मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने लगे। बाइक सवार मोच खुर्द गांव के नजदीक पहुंचे। इसी दौरान चौपहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। सीओ बिसवां अमन सिंह का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

### लापरवाह कार्यदायी संस्थाएं होंगी ब्लैकलिस्ट: डीएम

**कार्यालय संवाददाता। सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाली संस्थाओं और ठेकेदारों के विरुद्ध वसूली एवं ब्लैकलिस्टेड करने की विधिक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाएं निर्धारित समय के भीतर और पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, और जिन ओवर ब्रिजों का कार्य रेलवे स्तर पर रुका है, उनमें समन्वय स्थापित कर पत्राचार के माध्यम से तेजी लाने के निर्देश दिए।

### 84 कोसी परिक्रमा अनुष्ठान नहीं, सांस्कृतिक चेतना

**मिश्रिख / नैमिषारण्य।** तीर्थराज नैमिषारण्य में जारी 84 कोसी परिक्रमा को काली पीठाधीश्वर एवं श्रीललिता देवी मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने समाज को आध्यात्मिक और नैतिक रूप से जाग्रत करने वाला दिव्य अभियान बताया है। कालीपीठ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने परिक्रमा के गहरे धार्मिक व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। गोपाल शास्त्री ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार, नैमिषारण्य वह पावन भूमि है जहां ऋषि-मुनियों ने लोककल्याण का मार्ग प्रशस्त किया था। चौरासी कोशी परिक्रमा उसी शाश्वत परंपरा का जीवंत स्वरूप है, जो मनुष्य को 'भोग से योग' और 'योग से मोक्ष' की ओर ले जाती है। श्रद्धालुओं से परिक्रमा के दौरान स्वच्छता, संयम और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### लापरवाही पर संबंधित पर होगी कार्रवाई : बीडीओ

**लालगंज :** विकास खंड लालगंज के खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवों की ग्राम पंचायतों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। बीडीओ गगनदीप सिंह ने जारी पत्र में कहा है कि पूर्व आदेश के बावजूद कुछ ग्राम पंचायत अधिकारी रोस्टर के अनुसार अपने आवंटित गांवों में नहीं बैठ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बीडीओ ने चेतावनी दी है कि अनुपस्थिति या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मृत गोवंश का वीडियो वायरल, हड़कंप

**सरेनी :** शुक्रवार की शाम को पूरे पांडे गांव से आगे एक बाग में गोवंश का शव पड़ा मिला। इसका वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। लोगों का कहना है कि गोवंश को क्रूरता पूर्वक मारा गया है। इस संबंध में कोतवाल रमेश चंद्र यादव का कहना है की घटना की जानकारी मिली है। गोवंश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बछरावां :** बछरावां कोतवाली पुलिस टीम ने शनिवार को चोरी की साइकिल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार हरिशंकर शुक्ला उर्फ दुन्दे शुक्ला पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी महराजगंज मजरे पोखरा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार कर स्थानीय थाने पर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त के पास से चोरी की साइकिल बरामद हुई है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक राजन कुमार, आरक्षी कासिब अहमद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### इंटरलॉकिंग में अवरोध की शिकायत

**बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पासी का पुरवा मजरे जलालपुर गांव निवासी दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। ग्रामीण राम सजीवन, अमित कुमार, राजेश, सुरेश कुमार, रेखा, गुड़िया, विनीता, श्यामा, कामता, सुनीता, रीतु, अजय, रोहित, रूपरानी, राजकुमारी, लक्ष्मी, रामावती, फुलवारा, जनक दुलारी, विशुनदेई, रामलली, दशरथ देई, राकेश कुमार का कहना है कि ग्राम प्रधान के द्वारा रास्ते में इंटर लाकिंग का कार्य कराया जा रहा है। वहीं मोहल्ले के लोग घर के सामने खाली जमीन पर इंटर लाकिंग नहीं करने दे रहे हैं। सड़क न होने के कारण उन्हें लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बात करने पर विपक्षी मारपीट पर अमादा हो गए। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**डलमऊ :** घुरवारा के ब्लाक संसाधन केंद्र में शनिवार को वंडर बॉक्स आंगनवाड़ी कार्यकर्ती तथा नोडल अध्यापकों को दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने बताया कि विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के तहत वंडर बॉक्स का उपयोग 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा को खेल आधारित बनाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और अध्यापक को प्रशिक्षित किया जा रहा है। संदर्भदाता एआरपी राजेश कुमार तथा पूर्व एआरपी मोहम्मद इरफान खान ने बताया कि इस प्रशिक्षण के तहत वंडर बॉक्स की सामग्री का उपयोग व व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा।

## चार दिन में कुत्तों ने 63 लोगों पर किया हमला, घायल

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। चार दिन में अलग-अलग गांवों में कुत्तों के हमले से 63 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर में एआरवी (एंटी रैबीज वैक्सीन) का टीका लगाया गया। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

घायलों में संतलाल (40) निवासी खैरानी पहाड़गढ़, भूपेंद्र (26) खेतान, अमित कुमार (14) परसा का पुरवा, संजीव (50) सराय, सरिता (30) इकछनिया, आरती (25) जलेसरा, नकुल (22) त्रिवेदी का पुरवा, कृष्णपाल, दीपू (32) पूरे बधाई, आयुष (16) बेनीगामा, अरमान (12) शुक्ला का पुरवा, आसमा बानो (40), रामकुमारी निवासी अलीगंज, रामपति निवासी महादेवन, गौरव सिंह (23) इटौरा, अंशु निवासी इटौरा सहित अन्य लोग शामिल हैं। घायलों ने बताया कि सीएचसी में एआरवी लगाने के लिए सिरिंज उपलब्ध नहीं थी। बाहर से सिरिंज मंगाने के बाद ही टीका लगाया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि कुत्तों के काटने से आए सभी मरीजों को एआरवी टीका लगा दिया गया है। सभी को छुट्टी दे दी गई है।

## पीड़ित ने सुनाई आपबीती, सीएम ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

सलोन (रायबरेली)



गोसाई का पुरवा युवक की मौत के मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपित। अमृत विचार

● **विधायक के साथ मृतक के भाई व मां ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात**

**अमृत विचार।** सलोन कोतवाली क्षेत्र के पूरे गोसई का पुरवा मुमुनी निवासी मोहित लाल वर्मा का शव घर से लापता होने के चार दिन बाद 17 फरवरी को घर से 23 किलो मीटर दूर जगतपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर स्थित सड़क किनारे खंती में पानी में उतराती पाई गई थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी थी। वहीं घटना में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पोस्टमार्टम के दूसरे दिन परिजनों ने सलोन-ऊंचाहार मार्ग जाम कर दिया था।

शुक्रवार को विधायक के साथ लखनऊ गए मृतक युवक के भाई अमित कुमार और मां विद्यावती ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर घटना की आपबीती सुनाई। वहीं मुख्यमंत्री ने परिजनों को त्वरित न्याय व सहायता का भरोसा देते हुए डीएम से बात की थी। विधायक अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने डीएम को सरकारी सहायता एवं अन्य सुविधाओं के लिए निर्देशित किया। विधायक ने बताया कि सीएम विवेकाधीन कोष से पांच लाख की तत्कालिक सहायता राशि, मृतक की पत्नी को मुख्यमंत्री आवास योजना, आवासीय पट्टा और कृषक पट्टा दिया जाएगा। इसी की साथ मृतक युवक के दो माह के मासूम बच्चे के लिए 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 23 वर्ष की आयु तक ढाई हजार रुपये प्रतिमाह की पेंशन राशि दी जाएगी। विधायक ने आगे बताया कि मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन एवं त्वरित पारिवारिक लाभ योजना का सहयोग भी दिया जाएगा।

**किसी की हत्या नहीं की, बेगुनाह हैं:** पुलिस ने पीएम रिपोर्ट में मोहित की मौत पानी में डूबना बताया है। घटना में पत्नी सपना ने मृतक के पांचों दोस्तों को नामजद करते हुए पुलिस को हत्या की तहरीर दी थी। हालांकि अभी भी रहस्य बरकरार है कि 12 फरवरी को घर से पत्नी को विदा कराने निकला युवक आखिर चार दिनों तक कहां था? जबकि न्यायिक अभिरक्षा में जाने से पूर्व दोस्त की हत्या के पांचों आरोपियों ने अपने आपको निर्दोष बताया है। पांचों दोस्त यही कह रहे थे कि उन्होंने किसी की हत्या नही की है। वे बेगुनाह हैं।

> घटना में नामजद पांचों व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया है। इस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच-पड़ताल चल रही है हैं।
> -अनिल कुमार सिंह, कोतवाल सलोन।

# निस्तारण में हीलाहवाली पर नाजिर निलंबित

## कार्रवाई: डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनीं समस्याएं, पांच शिकायतों का निस्तारण

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उस समय डीएम का चेहरा तमतमा उठा, जब एक 76 वर्षीय बुजुर्ग ने आदेश के बावजूद फाइल लटकाने का पेशकार/नाजिर पर आरोप लगाया। खफा डीएम हर्षिता माथुर ने कार्रवाई करते हुए पेशकार/नाजिर शिशुपाल यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दे दिया।

राजामऊ निवासी 76 वर्षीय दुर्गा प्रसाद ने जिलाधिकारी के सामने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि 13 साल से एसडीएम न्यायिक के न्यायालय में उनका जमीन संबंधी विवाद चल रहा है। दुर्गा प्रसाद का आरोप है कि पेशकार शिशुपाल यादव ने केस में कई बार हेरा-फेरी की। एक बार वादी को जानबूझकर अनुपस्थित दिखाकर केस खारिज कर दिया गया था। जब बुजुर्ग ने इसकी शिकायत राजस्व परिषद और मुख्यमंत्री से की, तो संबंधित



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

कर्मचारी ने माफी मांगी। लेकिन हद तब हो गई जब आदेश पारित हुआ तो उसमें 'राजामऊ' की जगह 'तिलेंडा' दर्ज कर दिया गया, ताकि बुजुर्ग फिर से चक्कर काटता रहे। लिपिकीय त्रुटि सही होने के बाद केस में अंतिम आदेश होने के बाद 31 जनवरी 2025 से नाजिर शिशुपाल यादव ने फाइल को अपने पास दबा रखा था और हस्ताक्षर नहीं होने दे रहे थे। बुजुर्ग की शिकायत को गंभीरता से लेते भ्रष्टाचार और कार्य में शिथिलता को लेकर जिलाधिकारी ने एसडीएम न्यायिक के पेशकार/नाजिर शिशुपाल यादव को निलंबित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान 56 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा, एसडीएम गौतम सिंह रहे।

**डीएम ने नवनिर्मित संकुल भवन का किया उद्घाटन, महराजगंज:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं के विकास के लिए नवनिर्मित निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति के भवन का उद्घाटन किया। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन हेतु विकास महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत पखनपुर को 15 लाख और आकाश महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत हरदोई को 30 लाख 80 हजार का सामुदायिक निवेश निधि का चेक प्रदान किया। इस मौके पर उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सविता सिंह, खंड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, खंड विकास अधिकारी बछरावां शिव बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान संत लाल, किरन, रामरानी, शाहजहाँ बानो, माधुरी, तारावती आदि उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में दो मामलों का निस्तारण

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ कुमार की अध्यक्षता में तहसील डलमऊ सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 19 प्रार्थना पत्रों में से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सराय मजरे गौरा हरदो ग्राम की बृजरानी ने बताया कि गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा घर की रसोई के सामने ही गोबर और घूरा लगाते हैं जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना रहता है। मना करने पर गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारू रहते हैं। अपर जिलाधिकारी ने मौके की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार डलमऊ मंजरी सिंह, क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. नवीन सिंह आदि मौजूद रहे।



समस्याओं को सुनते एडीएम सिद्धार्थ कुमार।

### जहर पीकर किन्नर ने की जान देने की कोशिश

**सलोन (रायबरेली) अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र का एक ट्रांसजेंडर किन्नर बेहोसी की हालत में उसरी नहर के पास मिला है। परिजनों द्वारा बताया गया कि किन्नर ने जहर पीकर जान देने की कोशिश की है। मामला दो गुटो के बीच सीमा विवाद के दौरान मारपीट का है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरसअल एक गुट की मुखिया जगदम्बा है तो दूसरे का संचालन ऊदल के पास है। दोनों के पास शिष्यों की भरमार है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में हो रहे वैवाहिक समारोह में जाकर एक गुट ने पहले बधाई ले ली। वहीं दूसरा गुट बधाई लेने पहुंचा तो उन्हें शादी में आये लोगों की बाते सुनने पड़ी। जिसके बाद उसी रात दोनों गुटों में मारपीट हो गई। सूत्रों के मुताबिक जगदम्बा किन्नर ने क्षेत्राधिकार को लेकर ऊदल की शिकायत थाने में कर दी। जिसके बाद प्रार्थना पत्र की जांच करने पुलिस टीम ऊदल के घर गई थी, लेकिन घर पर वह नही मिला। बीती रात करीब नौ बजे संदिग्ध परिस्थितियों में ऊदल उसरी नहर के पास बेहोश पाया गया। परिजनों ने डॉक्टर को बताया कि उसने जगदम्बा किन्नर से तंग आकर जहर पी लिया है। इस संबंध में डॉ. अमित सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद ऊदल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि दोनों गुटों के बीच सीमा और क्षेत्राधिकार को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। घटना की जांच की जा रही है। वहीं ऊदल किन्नर की बेटी पूनम निवासी बड़का पुरवा मोहनगंज ने तहसील दिवस में एसडीएम से जगदम्बा किन्नर और उसके साथियों की शिकायत की है। बताया कि उसके पिता ऊदल अब किन्नर हो गये है और क्षेत्र में जाकर लोगों से बधाई लेते हैं। आरोप है कि जगदम्बा और उसके चेले जबरन उसके क्षेत्र में आकर अवैध वसूली करते हैं। विपक्षियों ने उसके पिता के साथ मारपीट की है जिससे छुब्ध होकर ऊदल ने जहर पीकर जान देने की कोशिश की है। वहीं एसडीएम ने कोतवाल को प्रकरण के जांच करने के निर्देश जारी किए है।

### प्रापर्टी डीलरों पर शिकंजा, होगी कार्रवाई

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** आरडीए ने प्रापर्टी डीलरों पर शिकंजा कसने का मन बना लिया है। जिले में बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग चल रहा है। इससे जहां आरडीएम के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं आम जनमानस के साथ खुलेआम ठगी हो रही है। आरडीए सचिव ने टीम बनाकर ऐसी जमीनों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर सचिव विकास प्राधिकरण विशाल कुमार यादव ने ऐसे बिना ले-आउट पास कराये प्लाटिंग और भवन व अन्य निर्माण कार्यों का चिन्हांकन प्रारम्भ कर दिया है। सचिव ने बताया गया कि उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन कार्य में तेजी लायी गयी है। प्राधिकरण क्षेत्र में पूर्व में भी बिना ले-आउट या नक्शा पास प्लाटिंग/भवनों आदि पर डिमोलीशन/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। समय-समय पर अवैध प्लाटिंग, निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही विकास प्राधिकरण द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्लाट क्रय करने से पूर्व भूमि का भू-उपयोग (लैंड यूज) अवश्य पता कर ले और ले-आउट स्वीकृत प्लाट ही खरीदें। बिना ले-आउट स्वीकृत कॉलोनी विकसित करना और प्लाटिंग करना अवैधानिक है। ऐसे बिना ले-आउट पास कालोनी में मकान बनाने या अन्य निर्माण पर रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जा सकता तथा ऐसे अवैध प्लाटिंग और कालोनियों तथा अनधिकृत निर्माण की स्थिति में विधिक व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा की जा सकती है। कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व मानचित्र अवश्य स्वीकृत करा लें। मानचित्र स्वीकृति के लिए विकास प्राधिकरण में सिंगल विंडो सिस्टम है। मानचित्र स्वीकृत न पाये जाने की दशा में निर्माण कार्य रोकने, सीलिंग के साथ ध्वस्तीकरण की भी कार्यवाही की जाएगी।

### एसडीएम से की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** जगतपुर ब्लाक के सेरंदाजपुर उर्फ सिंगापुर में दूसरे गांव के लोग सार्वजनिक उपयोग की सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और राजस्व विभाग के लोग इनसे मिले हुए है। ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम को सामूहिक रूप से शिकायत करके सरकारी भूमि सुरक्षित करने की गुहार लगाई है। तहसील पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि गांव की भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर दर्ज है। यह भूमि का उपयोग सार्वजनिक रूप से गांव के लोग सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए करते रहे हैं। अब इस भूमि पर भटौली गांव के कुछ लोग खोदकर निर्माण कर रहे हैं। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस और क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारियों से ग्रामीणों ने की, किंतु उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को सामूहिक रूप से प्रार्थना पत्र देकर सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को तत्काल रोकने और भूमि को सुरक्षित करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र देने वालों में गांव के मुकेश कुमार, बुद्धिलाल, निर्भय सिंह, रंजीत, सुंदरलाल, जितेंद्र कुमार, प्रेम लाल, रीता, दारा पटेल आदि शामिल थे।

### शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ने पर खुशी की लहर

**लालगंज (रायबरेली)।** उत्तर प्रदेश शिक्षक शिक्षा मित्र संघ ने योगी सरकार के द्वारा शिक्षामित्र और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने पर प्रसन्नता जताई है। लालगंज के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एकत्रित शिक्षामित्र व अनुदेशकों को भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और उन्हें बधाई दी। बीईओ राजीव कुमार ओझा ने भी योगी सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर सुनील त्रिवेदी, सुनील वर्मा, संजय सिंह, अमितेश कुमारी, सुधा देवी, मोहित, सौरभ तिवारी, विशाल, राजेश, अभय, हरिकेश आदि लोग मौजूद रहे।



शिक्षामित्रों का मुंह मीठा कराते भाजपा नेता।

### निराला जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** निराला जयंती पर निराला स्मृति संस्थान की ओर से डलमऊ निकट स्थित निराला पार्क में सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उमाकांत मिश्रा, संदीप मिश्रा ने निराला जी के जीवन पर प्रकाश डाला। संदीप मिश्रा ने बताया कि निराली की याद में 22 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर पुनीत द्विवेदी, दिलीप मिश्रा, संजू त्रिपाठी, शुभम त्रिपाठी, अंकिल दीक्षित, ऋतिक जायसवाल, अमर शास्त्री, राजू, अजमी, महेंद्र सोनकर, अनुराग, रितिक, देव आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति रहे।



निराला जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग।

### चिकित्सक पति पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। कानपुर देहात के एक पीएचसी में तैनात चिकित्सक पर उसकी पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। एसपी कार्यालय में बयान दर्ज कराने पहुंची महिला ने पति पर तलाक दिए बगैर दूसरी शादी करने और बेटी व उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। शहर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि 2008 में उसकी शादी हुई थी। चिकित्सक पति 2015 में मुस्लिम महिला के सम्पर्क में आया। इसके बाद 2022 में गुपचुप तरीके से विवाह कर लिया। इसकी महिला आयोग में शिकायत की। चिकित्सक पति अब बेटी और उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने, कलमा पढ़ने और मांस खाने का दबाव बना रहा है। प्रशासन में बेहतर पकड़ होने के कारण शिकायतों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। पीड़िता ने एसपी ने जांच कराने और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## ट्रक की टक्कर से बेटी की मौत, दंपति गंभीर

अमावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शनिवार की देर शाम रायबरेली -अयोध्या हाईवे पर रतापुर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। इसमें दंपति घायल हो गए। वही बेटी की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के नगर पालिका कॉलोनी निवासी श्री राम यादव सुल्तानपुर जनपद में बिजली विभाग में जेई के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार की देर शाम बाइक से अपनी पत्नी पूनम और नौ वर्षीय बेटी आर्या के साथ शहर से घर की ओर लौट रहे थे। तभी रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर रतापुर चौराहे के पास ही पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक पर पीछे बैठी पत्नी पूनम छिटककर सड़क से बाहर की ओर गिरी, जबकि बीच में बैठी बेटी आर्या सड़क पर गिर गई जिसे ट्रक का पहिया कुचलते हुए गुजर गया। घटना में बाइक सवार श्री राम भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं एसएसआई आरके मिश्र ने बताया सड़क दुर्घटना में घायल जेई को अस्पताल पहुंचाया गया है। उनकी पुत्री आर्य के शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। पत्नी पूनम सुरक्षित है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**बस की टक्कर से बाइक सवार घायल, बछरावां:** जनपद उन्नाव के असरेंदा थाना मौरावा निवासी विद्यासागर पुत्र दर्शन (75) बाइक से बेटी के घर स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्नावा गांव जा रहे थे। रास्ते में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बल्दी खेड़ा गांव के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### विद्युत पोल से टकराई वैन, तीन लोग घायल

**महराजगंज (रायबरेली)।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कंशमीरा गांव निवासी कृष्ण चंद्र (40), सन्तलाल (46) व हरबक्स खेड़ा निवासी जगदीश प्रसाद (75) सहित कई लोग हरचंदपुर से महराजगंज क्षेत्र बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में महराजगंज से बछरावां रोड पर बावन बुजुर्ग बल्ला मोड़ के पास नीलगाय को बचाने में वैन बिजली के पोल से टकरा गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से वैन चालक कृष्ण चंद्र व 75 वर्षीय जगदीश प्रसाद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



हादसे से क्षतिग्रस्त वैन।

## चिकित्सा विज्ञान में रोग से बचाव में हर दिन एक नई खोज



कार्यक्रम का उद्घाटन करते डॉ. राजीव गोयल अध्यक्ष आईएमए यूपी स्टेट और पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

● **रीमाकान के आठवें संस्करण में देश भर से आए प्रख्यात चिकित्सा**

**अमृत विचार।** आईएमए और इंडियन एसोसिएशन आफ क्लिनिकल मेडिसिन के तत्वावधान में आयोजित रीमाकान के आठवें संस्करण में देश भर से प्रख्यात चिकित्सक शामिल हुए। इस दौरान चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों को बताया। वहीं गंभीर रोग में दवाओं के बारे में नवीनतम खोज की जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि चिकित्सा विज्ञान के माध्यम से रोगों के इलाज में हर दिन एक नई खोज की जा रही है।

इससे पहले सुबह बटोही रिजॉर्ट में रीमाकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ राजीव गोयल अध्यक्ष आईएमए यूपी स्टेट और पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. एके गुप्ता के द्वारा किया गया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. संजीव जायसवाल, सचिव डॉ. अनुपम दीक्षित, डॉ. ब्रजेश बहादुर सिंह, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. डीआर मौर्य, डॉ. सीबी सिंह, डॉ. ओमिका चौहान, डॉ मनीष त्रिवेदी, डॉ. पूजा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. अरुण पांडे ने बताया इंसुलिन को अब मुंह से भी लिया जा सकता है। विवेकानंद हॉस्पिटल लखनऊ के डॉ. एके गुप्ता ने खून की कमी एनीमिया के बारे में बताया। डॉ. अर्पित गुप्ता, एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ. अजय मिश्रा ने लीवर कैंसर के बारे में महत्वपूर्ण बातें बताई। इस दौरान आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ अजय श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा, डॉ. विकास द्विवेदी, डॉ मनीष त्रिवेदी, डॉ. गीता शर्मा, डॉ. अनिल आहूजा, डॉ. दीपा आहूजा, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. केपी वर्मा, डॉ आरबी वर्मा, डॉ. एसके पांडे, डॉ. बीरबल, डॉ. मीरा मलिक, डॉ. अपूर्व दत्त, डॉ अल्ताफ, डॉ. अतुल अग्रवाल रहे।

**आयोजन** कृषि विभाग के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि भाजपा नेता अभिलाष कौशल ने संबोधित किया

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने उठाए क्रांतिकारी कदम : अभिलाष

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** समय के साथ कृषि क्षेत्र को भी आधुनिकता का रूप देते हुए किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं, जिससे आज का किसान खुशहाल होने के साथ-साथ राष्ट्र के विकास के साथ कदमताल कर रहा है। यह विचार शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कृषि विभाग के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने व्यक्त किए।



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता अभिलाष कौशल। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को सब्सिडी-आधारित से डिजिटल और उत्पादकता-केंद्रित मॉडल में बदलने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। इसमें शिव प्रसाद चौरसिया विषय वस्तु विशेषज्ञ/सहायक विकास अधिकारी कृषि के द्वारा किसानो को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी बीज भण्डार ऊंचाहार बृजेश कुमार यादव द्वारा गन्ना किसानों को उर्द मूंग के निःशुल्क बीजों के वितरण के बारे में कृषि विभाग के पोर्टल पर आवेदन करने की जानकारी दी। इस मौके पर आकृति सोनी, शिव चरन, शैलेंद्र कुमार, उदय प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का 12158 किसानों को मिला लाभ

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** एनआईसी भवन कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत 10 किसानों को खरीफ 2025 में प्राकृतिक आपदा/विपरीत मौसमी परिस्थितियों के कारण खरीफ फसलों में हुई क्षति के फलस्वरूप क्षतिपूर्ति के धनराशि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 10 किसानों/आश्रितों को 05-05 लाख रुपये के सांकेतिक चेक सौपे गये। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता और अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अमृता सिंह की मौजूदगी में लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जनपद रायबरेली के 12158 कृषकों के खाते में 14173305 रुपये कृषको को क्षतिपूर्ति के रूप में सीधे उनके बैंक खाते में भेजी गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत 48 लाभार्थियों को कुल 02 करोड़ 20 लाख की धनराशि उनके बैंक खाते में भेजी गयी। इस मौके पर उप कृषि निदेशक विनोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी रायबरेली जयराम वर्मा, एलडीएम रायबरेली रूपेश दुबे, जिला आपदा विशेषज्ञ अंकित पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्ष फायरिंग का वीडियो हुआ वायरल

**तिलोई (अमेठी) :** मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत पूरे दल सिंह मजरे चिलूली निवासी शिव बहादुर यादव (55) पुत्र भगौती ने अपने नए प्रवेश में बीते सप्ताह श्रीमद् भागवत कथा आयोजित किया गया था। बीते 14 फरवरी को भागवत कथा का समापन था उसी दिन शनिवार की शाम को धार्मिक कार्यक्रम में मौजूद भारी जनता के बीच शिव बहादुर के द्वारा अपनी लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक से खुलेआम हर्ष फायरिंग किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में इस प्रकार की लापरवाही से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। जिसका वीडियो एक सप्ताह बाद दिन शनिवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के उपरांत हरकत में आई मोहनगंज पुलिस ने अभियुक्त शिव बहादुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक 12 बर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक दो जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में मोहनगंज थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है लाइसेंसी बंदूक को जमा कर लिया गया है लाइसेंस निरस्त करने हेतु जिलाधिकारी अमेठी को रिपोर्ट भेज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**जगदीशपुर :** सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुची एंबुलेंस ने घायल को सी एच सी पर भर्ती कराया जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या सड़क स्थित थौरी गाव के निकट एक अज्ञात लगभग 50वर्षीय अधेड़ सड़क पर करते समय अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुची एंबुलेंस की सहायता से घायल को इलाज के लिए सी एच सी पर भर्ती कराया जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्डम के लिए भेजकर शिनाख़्त में जुटी हुई है।

### कटारी ग्राम पंचायत में कमेटी का गठन

**जामों (अमेठी) :** ग्राम पंचायत कटारी में प्रधान दयावती के निलंबन के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर खुली बैठक आयोजित कर तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। बैठक में ग्राम सभा के सदस्यों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपनी भागीदारी निभाते हुए नई कमेटी का चयन किया। ग्राम पंचायत में कुल 15 सदस्य हैं, जिनमें से 11 सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। उपस्थित सभी 11 सदस्यों ने सर्वसम्मति से रेखा पत्नी सुरेंद्र कुमार पर विश्वास जताते हुए उन्हें समिति का अध्यक्ष नामित किया। उनके साथ धर्मराज और हरकेश कुमार को समिति का सदस्य चुना गया।

### आग लगने से पूरी गृहस्थी जलकर राख

**अमेठी :** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के दीनापुर दुआरा गांव में अचानक आग लगने से एक दलित परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आपको किसी तरह बुझाया। एडिट में घटना की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दी है। शनिवार को दीनापुर घाटमपुर निवासी सतई पुत्र भुल्लूर के कच्चे मकान में अचानक आग लगने से पूरी गिरीश थी जलकर राख हो गई। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह काबू पाया। पीड़ित के पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है।

# गोकशी के मामले में 6 आरोपित गिरफ्तार

## मुठभेड़ के दौरान कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में लगी गोली, हथियार और उपकरण बरामद

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** अमेठी जनपद के थाना इन्हौना क्षेत्र में गोकशी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित कुल छह आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनमें पति पत्नी व दो सगे भाइयों के साथ छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। ये सभी अपराधी एक ही गांव के रहने वाले हैं। एक ही घर के चार आरोपी है वही दो पड़ोस के रहने वाले है

बीते शुक्रवार को थाना इन्हौना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करनगांव मजरे पहाड़पुर के जंगल में कुछ लोग गोकशी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर



पैर में गोली लगने के बाद मुख्य आरोपी को ले जाते पुलिस के जवान।

पहुंची, जहां चार पुरुष और एक महिला संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त मिले। पुलिस की घेराबंदी के प्रयास के दौरान आरोपी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके से गोवंश के अवशेष, गोकशी में प्रयुक्त उपकरण और एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में थाना इन्हौना में गोवध



पुलिस के गिरफ्त में गौ तस्करी के आरोपी। अमृत विचार

निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई।

**मुठभेड़ में मुख्य आरोपी घायल:** शनिवार को चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी जुनैद पुत्र जान मोहम्मद मोटरसाइकिल से सेमरौता रोड की ओर जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी की और पुलिस देखकर इस दौरान आरोपी अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और उसके पैर में गोली लग गयी । उसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस (315 बोर) बरामद किए गए। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### खंडहर से पांच अन्य आरोपी गिरफ्तार

घायल आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गंदा नाला क्षेत्र स्थित एक खंडहर से पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में उमेर, शहवान राजा, अलीम, शना परवीन और हदीसुलनिशा शामिल हैं। तलाशी के दौरान कमरे से 2 चापड़, 1 लकड़ी का ठीहा, तराजू व बांट बरामद किया गया है। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जंगलों में गोवंश को बांधकर मौका पाकर गोकशी करते थे और मांस को आपस में बांटकर बेच देते थे। घटना के बाद सभी आरोपी लखनऊ भागने की फिराक में थे और चार पहिया वाहन का इंतजार कर रहे थे। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष इन्हौना विवेक सिंह ने बताया विधिक कार्यवाही कर सभी अभियुक्तों को जेल भेजा जायेगा।

## भक्ति और प्रेम से भगवान की होगी प्राप्ति

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक के मधुपुरी गांव में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भक्तों ने कृष्ण बाल लीला का कथा श्रवण किया। आयोजक यजमान सतीश बाजपेई ने बताया कि सीतापुर जिले से पधारे कथा व्यास आचार्य आशुतोष त्रिपाठी ने कृष्ण भगवान की बाल लीला का वर्णन किया। भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के माध्यम से सिखाती है कि भक्ति और प्रेम से भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने मात्र छह दिन के थे, तभी से उन्होंने लीलाएं करना शुरूकर दिया था। इसी तरह बाल लीलाएं, माखन चोरी लीला, ऊखल बंधन लीला, यमलार्जुन का उद्धार आदि दिव्य लीलाएं की है।

## सड़क पर बोल्डर डालकर भूले जिम्मेदार

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** अयोध्या हाईवे पर पूरे मोटा गांव के पास से निकले संपर्क मार्ग से पूरे तकिया, मुराइन, पूरे पठान, पूरे सोहबत, तकिया, अहिरन, कोड़रा, दर्जिन, कोड़रा पासिन, कोड़रा रुकनपुर, बैखरा, कुशिहा, पूरे डीह आदि गांव के लोगों का यह मुख्य मार्ग है। इसके अलावा इस मार्ग से होते हुए पहरेमऊ या महराजगंज जाने से ग्रामीणों को कई किलोमीटर के चक्कर की बचत हो जाती है। इसके कारण ग्रामीण इस मार्ग से ज्यादा निकलते हैं। यह संपर्क मार्ग करीब एक दशक पहले बनवाया गया था। निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने से यह संपर्क मार्ग ज्यादा दिन नहीं चल सका। कुछ सालों में ही रोड में गहरे गड्ढे हो गए बरसात के दिनों में यह मार्ग लोगों के लिए कष्टदाई हो जाता था। जिसे लेकर ग्रामीणों ने सड़क के पुनर्निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाई। बीते करीब एक माह पहले सड़क पर निर्माण शुरू करा दिया गया। बताते हैं कि सड़क की तली में डाला जाने वाला बोल्डर ना मंगाकर पहले से ही पड़े बोल्डर की मशीन से खुदाई कर दी गई है। ग्रामीण कालीप्रसाद, रामसेवक, रामकेश, शिवचरण, मैकू, संकठा आदि ने गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कराए जाने की डीएम से मांग की है।



पूरे मोटा गांव की बदहाल सड़क।

## राजा परीक्षित के प्रसंग का किया वर्णन

**अमेठी, अमृत विचार।** शनिवार को रेवड़ा में श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने श्रृंगी ऋषि द्वारा राजा परीक्षित को मिले श्राप ,सती चरित्र और बालक ध्रुव की कथा सुनाई। कथा में बड़ी संख्या में श्रोताओं की मौजूदगी रही। कथा व्यास पंडित विनय प्रिय त्रिपाठी मधुकर जी महाराज ने कलियुग के प्रभाव वश राजा परीक्षित के मस्तिष्क परिवर्तन के कारण मिले श्राप की बड़ी ही रोचक कथा सुनाई। व्यास ने आगे सती चरित्र की कथा प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि अपने पिता दक्ष के द्वारा भगवान शिव के अपमान को न सहकर उन्होंने पतिव्रता नारी शक्ति का अभूत पूर्व परिचय दिया। व्यास ने आगे बालक ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि महज पांच साल की उम्र में ही भक्त ध्रुव ने भगवान के गोद की तलाश में अनेकों कष्ट सहन किए। बालक ध्रुव के जंगल में जाते हुए अनेकों यातनाओं को सहते हुए आगे बढ़ते रहने पर देवर्षि नारद ने उन्हें लौटाने का भरसक प्रयास किए लेकिन बालक ध्रुव के मजबूत संकल्प के सामने उन्हें निराश होना पड़ा। व्यास ने कहा कि आज भी हम सबको बालक ध्रुव के दृढ़ विश्वास को याद करते हुए और उसे अपने जीवन में उतारते हुए धर्म मार्ग पर आने वाले संकटों को सहन करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए। धर्म मार्ग में आने वाले संकट हमे मजबूत बनाते हैं। कथा यजमान सत्य नारायण तिवारी एवं रेखा तिवारी ने आए हुए श्रोताओं का स्वागत किया। कथा में देव नारायण तिवारी,ऊषा,लक्ष्मी,शीला,सरला,अन्न पूर्णिमा,विजय दीप,बिंदु,सत्य प्रकाश,पूनम, धर्मेंद्र, रमा,प्रदीप,नीलम,सौरभ,सपना, इंद्र भान तिवारी के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।



आयोजक को आशीर्वाद देते कथा व्यास।

## अधिवक्ताओं का तहसील में 54 वें दिन भी धरना जारी

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** मुसाफिरखाना तहसील परिसर में एसडीएम प्रशासनिक अभिनव कुमार के स्थानांतरण एवं आय से अधिक संपत्ति की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन शनिवार को 54वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीएम अभिनव कुमार का पुतला दहन कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि जांच समिति द्वारा एसडीएम पर लगे आरोपों की जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी थी, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है। न ही अब तक इस मामले में कोई समुचित कार्रवाई की गई है। उन्होंने प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक मामले का समाधान नहीं होता और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक विरोध प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान जगतराम पाल, विन्देश्वरी मिश्रा, केके सिंह, सोम प्रकाश मिश्रा, केके शुक्ला, कुलदीप मणि तिवारी, केपी श्रीवास्तव, राजन सिंह, सुग्रीव मिश्रा, गणेश प्रसाद शुक्ला, अंजनी मिश्रा, संजय शुक्ला, प्रमोद श्रीवास्तव, राजीव तिवारी, सतीश सिंह, नवनीत चौबे, ललित चौबे, सुभाष शुक्ला, राजेन्द्र कुमार यादव, रविकांत मिश्रा, प्रभाकर सिंह, अतुल श्रीवास्तव, सत्यभान सिंह, बृजेश शुक्ला, विनय श्रीवास्तव, संदीप तिवारी, जय हिन्द शर्मा आदि रहे।

## महिला की मौत, हत्या का आरोप

**मुकदमा दर्ज**

- पिता ने दहेज की मांग को लेकर जहर देने का लगाया आरोप

जामों (अमेठी)

**अमृत विचार।** दहेज उत्पीड़न से जुड़ा एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक नवविवाहिता की मौत हो गई। पीड़िता के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मीरापुर मुबारकपुर थाना जगदीशपुर निवासी साहब लाल यादव ने जामों थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री पम्मी यादव की शादी 3 मार्च 2025 को ग्राम सम्भई, थाना जामों निवासी युवक के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के लगभग तीन माह बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ना शुरू कर दी गई थी। पीड़ित पिता के अनुसार, ससुराल पक्ष दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं था और कई बार चार पहिया वाहन की मांग भी की गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था और शादी में पूरा मान-सम्मान किया था, इसके बावजूद उनकी पुत्री को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता रहा। दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने यह भी उल्लेख किया गया है कि लगातार प्रताड़ना से तंग आकर उनकी पुत्री ने या तो जहर खा लिया या फिर ससुराल पक्ष ने मारपीट कर उसे जबरन जहर दे दिया। तबीयत बिगड़ने पर पम्मी ने फोन पर घरवालों को बताया था कि वह शायद नहीं बचेगी और ससुराल वालों की बातों पर भरोसा न किया जाए। परिजनों के अनुसार, ससुराल पक्ष पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले गया, फिर सूर्या हॉस्पिटल में इलाज कराया। हालत में सुधार न होने पर उसे केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम भी कराया गया। वहीं इस संबंध में थाना अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि पिता के तहरीर पर पति व सास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



पम्मी यादव की फाइल फोटो।

## राहुल गांधी के विरोध पर यूथ कांग्रेस का पलटवार

**अमेठी।** भाजपा युवा मोर्चा के कुछ कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय पर राहुल गांधी के विरोध के लिए पहुंचे। सूचना मिलते ही अमेठी यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह अपने साथियों के साथ गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। यूथ कांग्रेस की एकजुट और दृढ़ उपस्थिति को देखते हुए भाजपा के लोगों को वापस लौटना पड़ा।

इस दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने "प्रधानमंत्री कॉम्प्रोमाइज" के नारे लगाए। उन्होंने भाजपा के विरोध को दर्ज कराया। यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यालय को अपना घर और सम्मान बताया। शुभम सिंह ने स्पष्ट किया कि उस पर किसी भी प्रकार का हमला सहन नहीं होगा। उन्होंने अपने संगठन के सम्मान की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने की बात कही। इस मौके पर लोहा सिंह, दुर्गेश सिंह, विनय शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन सभी ने एकजुटता के साथ भाजपा का सामना किया।

## भाजयुमो ने कांग्रेस के एआई समिट विरोध को बताया राष्ट्र का अपमान

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस द्वारा एआई समिट के विरोध को भारत माता का अपमान बताया है। भाजयुमो ने इसे राष्ट्र की प्रगति के खिलाफ एक साजिश करार दिया।

उन्होंने कहा कि यह कृत्य निंदनीय और अक्षम्य अपराध है। भाजयुमो ने कांग्रेस की इस कार्रवाई को पुरानी मानसिकता का प्रतीक बताया। यह देश की उपलब्धियों से घबराकर विकास कार्यों का विरोध करने जैसा है। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन हुआ। कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेसियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई। भाजयुमो ने राष्ट्र के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त न करने की बात कही। उन्होंने भारत विरोधी मानसिकता का हर स्तर पर जवाब देने का संकल्प लिया। यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एआई समिट कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कथित अनुशासनहीनता के विरोध में था। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। ज्ञापन में राष्ट्र निर्माण में बाधा डालने वाले अराजक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। भाजयुमो ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में बाधा डालने वालों पर अंकुश लगना चाहिए। यह देश के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजयुमो विषुव मिश्र सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। जिला महामंत्री शिवम मिश्र और जिला उपाध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह, अभिषेक प्रताप, आकाश पांडेय, प्रियम आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते भाजपा कार्यकर्ता।

**सख्ती** | 1.60 करोड़ से बने तारापुर गौशाला का डीडीओ ने किया निरीक्षण

# डीडीओ ने खामियां मिलने पर लगाई फटकार

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** जिले के विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के ग्राम सभा तारापुर में नव निर्मित स्थाई बृहद गौशाला का अमेठी डीडीओ वीर भान सिंह ने शनिवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीडीओ वीर भान सिंह ने नव निर्मित स्थाई गौशाला में कई खामियां गिनाई। उन्होंने खामियां मिलने पर फटकार संबंधित को फटकार लगाई। उन्होंने कमियों को ठीक करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया की विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के ग्रामसभा तारापुर में 1.60 करोड़ की लागत 320 पशुओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से बनाई गई नवनिर्मित स्थाई गौशाला के निरीक्षण के दौरान बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं मिली। पशुबाड़े में बनाई गई फर्स उबड़-खाबड़ बनाई गई है, जिससे गोमूत्र व पानी रुकने की सम्भावना है। पशुओं की संख्या के अनुरूप गोबर एकत्रित करने के लिए जगह भी नही बनाई गई है। यहां तक आने-जाने का रास्ता भी समतल नहीं बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यदाई संस्था को सख्त निर्देश दिया गया है कि अधूरे काम को पूरा किया जाय तभी नव निर्मित स्थाई गौशाला पूर्ण होगी ।

डीईओ के निरीक्षण में सीवीओ डॉ कृष्ण गोपाल शुक्ला,खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर आकांक्षा सिंह, ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश कुमार,ग्राम सभा प्रधान प्रेमलाल कनौजिया,और राजकीय पशु चिकित्सालय संग्रामपुर की स्वास्थ्य टीम मौजूद रही।



गौशाला तारापुर का निरीक्षण करते डीडीओ वीर भान सिंह। अमृत विचार



